Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, हिमाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश, महाराष्ट्र, बिहार, छत्तीसगढ़, तमिलनाडु, कर्नाटक

दैनिक गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

नये भारत की नई सोच

दीपावली की शुभकामनाएं

RNI NO. UPHIN/2018/76874

वर्ष: 6 अंक: 288 | रविवार, 19 अक्टूबर -2025 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## राजनाथ सिंह की सीधी चेतावनी

# ब्रह्मोस की जद में पाक की हर इंच जमीन कहा-ऑपरेशन सिंदूर तो बस ट्रेलर


**नई दिल्ली।**

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लखनऊ में ब्रह्मोस मिसाइल की पहली खेप को हरी झंडी दिखाते हुए पाकिस्तान को कड़ी चेतावनी दी कि उसका हर इंच ब्रह्मोस की रेंज में है।

उन्होंने 'ऑपरेशन सिंदूर' को 'सिर्फ एक ट्रेलर' बताकर भारत की सैन्य शक्ति और अजेय जीत की आदत पर जोर दिया, जिससे दुश्मन अब देश की उन्नत मिसाइल क्षमताओं से बच नहीं पाएंगे। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने शनिवार को ऑपरेशन सिंदूर की सफलता की सराहना करते हुए कहा कि भारत की

*ाजनाथ सिंह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लखनऊ स्थित ब्रह्मोस एयरोस्पेस इकाई में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों की पहली खेप को हरी झंडी दिखाई।*

सैन्य ताकत उस मुकाम पर पहुंच गई है जहां जीत एक आदत बन गई है। लखनऊ में एक जनसभा को संबोधित करते हुए राजनाथ सिंह ने कहा, ₹ऑपरेशन सिंदूर ने साबित कर दिया है कि जीत अब हमारे लिए कोई मामूली बात नहीं है। जीत हमारी आदत बन गई है। बयान में कहा गया है कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक मिसाइल प्रणाली के निमार्ता ब्रह्मोस एयरोस्पेस ने लखनऊ के सरोजिनी नगर स्थित अपने नए एकीकरण और परीक्षण केंद्र से इस मिसाइल प्रणाली की पहली खेप का सफलतापूर्वक उत्पादन किया है। उन्होंने सशस्त्र बलों की सटीकता और तैयारी की प्रशंसा करते हुए कहा कि भारत के दुश्मन अब देश की उन्नत मिसाइल क्षमताओं से बच नहीं सकते। रक्षा मंत्री ने कहा, ₹देश को विश्वास है कि हमारे दुश्मन अब ब्रह्मोस से बच नहीं पाएंगे। पाकिस्तान की हर इंच जमीन अब हमारे ब्रह्मोस की पहुँच में है। राजनाथ सिंह ने कहा कि ऑपरेशन सिंदूर में जो हुआ वह तो बस एक ट्रेलर था।




# कांग्रेस ने जारी की उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट, 5 नामों में 2 मुस्लिम

**पटना।**




कांग्रेस ने शनिवार देर रात बिहार विधानसभा चुनाव के लिए उम्मीदवारों की दूसरी लिस्ट जारी की है। इस सूची में 5 विधानसभा सीटों पर उम्मीदवारों के नाम का एलान किया है। कांग्रेस की तरफ से जारी लिस्ट में नरकटियागंज, किशनगंज, कस्बा, पूर्णिया और गया टाउन विधानसभा सीट के लिए उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं. 5 उम्मीदवारों में से 2 विधानसभा सीटों पर मुस्लिम प्रत्याशी को टिकट दिया गया है। पार्टी ने नरकटियागंज से शाश्वत केदार पांडे और किशनगंज से कमरुल होदा को टिकट दिया है। वहीं, कस्बा से इरफान आलम, पूर्णिया से जितेंद्र यादव और गया टाउन से मोहन श्रीवास्तव चुनावी मैदान में उतरेंगे। इससे पहले कांग्रेस की तरफ से 17 अक्टूबर को 48 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी की गई थी। बिहार विधानसभा चुनाव में कांग्रेस पार्टी महागठबंधन में शामिल है। हालांकि, महागठबंधन में पहले चरण के नामांकन की प्रक्रिया समाप्त होने के बाद भी सीट बंटवारे को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। पहले चरण का चुनाव 6 नवंबर को होने वाला है। ऐसे में शुक्रवार को नामांकन प्रक्रिया समाप्त हो गई। ऐसे में गठबंधन के कुछ सहयोगी दलों के बीच कई सीटों पर दोस्ताना मुकाबला (फ्रेंडली फाइट) देखने को मिल रहा है।

# ट्रंप ने की यूक्रेन और रूस के बीच युद्ध रोकने की अपील



**वाशिंगटन।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार को व्हाइट हाउस में यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के साथ हुई बैठक को अच्छा और सार्थक बताया है। बैठक में ट्रंप ने जेलेंस्की से कहा कि यूक्रेन में जहां पर रूसी सेना के साथ लड़ाई चल रही है, उसे वहीं पर रोक दिया जाए और कब्जे में गए यूक्रेनी इलाकों का फैसला इतिहास पर छोड़ दिया जाए। इससे ज्यादा खूनखराबे की अब कोई जरूरत नहीं है। शनिवार को ट्रंप ने

## बोले- अब जहां हैं वहीं रुक जाएं दोनों देश

बताया कि गुरुवार को रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और शुक्रवार को जेलेंस्की से हुई वार्ता में उन्होंने दोनों नेताओं से यही बात कही है। जेलेंस्की और उनके अधिकारियों के साथ दो घंटे चली वार्ता के बाद ट्रंप ने ट्रूथ सोशल पर पोस्ट बयान में कहा, युद्ध में काफी खूनखराबा हो चुका है और बड़ी मात्रा में संपत्ति भी नष्ट हुई है।

# कर्नाटक में सरकारी परिसरों में सभी निजी कार्यक्रमों के लिए पूर्व अनुमति अनिवार्य

**बेंगलुरु।** कर्नाटक सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी कर निजी संगठनों, संघों या समूहों के लिए किसी भी सरकारी संपत्ति या परिसर का उपयोग कार्यक्रमों, आयोजनों या जुलूसों के लिए करने के वास्ते पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य कर दिया।

यह कदम राज्य मंत्रिमंडल द्वारा लिए गए उस निर्णय के दो दिन बाद उठाया गया है, जिसमें कहा गया था कि किसी भी कार्यक्रम के आयोजन के लिए सरकारी विद्यालयों, कॉलेज परिसरों और सार्वजनिक स्थलों के उपयोग से पहले अनुमति लेना अनिवार्य होगा। आदेश के अनुसार, इस नियम का उद्देश्य भूमि, भवन, सड़कें, पार्क, खेल के मैदान और जलाशयों सहित सार्वजनिक संपत्तियों का 'संरक्षण, सुरक्षा और उचित उपयोग सुनिश्चित करना' है यह निर्देश कर्नाटक के पुलिस महानिदेशक और महानिरीक्षक एमए सलीम की एक रिपोर्ट के बाद जारी किया गया है।

# भारत का पहला सात नैनोमीटर कंप्यूटर चिप 2028 तक होगा तैयार


**नई दिल्ली।**

भारत का पहला स्वदेशी डिजाइन किया गया सात नैनोमीटर कंप्यूटर प्रोसेसर 'शक्ति' 2028 तक तैयार होने की उम्मीद है।

इसे भविष्य में स्थानीय चिप प्लांट में उत्पादित किया जा सकेगा। आइआइटी मद्रास की टीम ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को यह जानकारी दी। मंत्री के इंटरनेट मीडिया अकाउंट

*आइआइटी मद्रास की टीम ने शनिवार को केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव को यह जानकारी दी*

पर पोस्ट किए गए एक वीडियो से पता चलता है कि उन्होंने टीम को चिपसेट के स्वदेशी उत्पादन की तैयारी के लिए हरी झंडी दे दी है, जिसका उपयोग आइटी सर्वर में किया जा सकता है। वैष्णव ने वीडियो में कहा- 'हम 28 नैनोमीटर से सात नैनोमीटर तक का सफर तय कर रहे हैं ताकि भविष्य में इसे हमारे फैब में लोड किया जा सके।' आइआइटी मद्रास की एक टीम द्वारा विकसित किया जा रहा यह प्रोसेसर वित्तीय, संचार, रक्षा और रणनीतिक क्षेत्रों के लिए कंप्यूटर सर्वरों में मददगार साबित होगा। वर्तमान में मोबाइल फोन, कंप्यूटर और सर्वर जैसे उच्च तकनीक वाले उपकरण ज्यादातर तीन से सात नैनोमीटर के बीच के आकार के चिप का उपयोग करते हैं।



# एअर इंडिया के ड्रीमलाइनर विमान में आई खराबी, दीवाली मनाने दिल्ली आ रहे लोग इटली में अटके

**नई दिल्ली।**

मिलान हवाई अड्डे पर एअर इंडिया के एक ड्रीमलाइनर विमान में शुक्रवार को आई तकनीकी खामी के चलते एयरलाइन को अपनी दिल्ली उड़ान रद करनी पड़ी। इससे दीवाली मनाने दिल्ली आ रहे 250 से अधिक यात्री इटली के इस शहर में फंस गए। अधिकांश यात्रियों ने 20 अक्टूबर की फ्लाइट के लिए बुकिंग करा ली है, जोकि दीवाली का




दिन भी है। एअर इंडिया ने शनिवार को कहा कि 17 अक्टूबर को मिलान से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली फ्लाइट एआइ 138 को विमान में तकनीकी कारणों के कारण रद किया गया। एयरलाइन ने यात्रियों को हुई असुविधा के लिए खेद भी व्यक्त किया। इस बीच, यात्रियों के लिए पर्याप्त सुविधाओं की कमी को लेकर इंटरनेट मीडिया पर कई पोस्ट भी किए गए। एयरलाइन ने बयान में कहा- "प्रभावित यात्रियों को होटल में ठहराने की व्यवस्था की गई है। हालांकि सीमित उपलब्धता के कारण, ठहरने की व्यवस्था हवाई अड्डे के निकटवर्ती क्षेत्र से बाहर की गई है।"









## संपादक की कलम से

# मंदिर आर्थिकी की दिशा में

हिमाचल के मंदिरों का सरकारीकरण पहली बार अपनी संवेदना का कानूनी शब्दकोष पढ़ रहा है। हिमाचल प्रदेश हाई कोर्ट के ताजा निर्देश वर्षों से चल रही वित्तीय व्यवस्था को नैतिकता व सदाशयता की सीमा बता रहे हैं। न्यायमूर्ति विवेक सिंह ठाकुर और न्यायमूर्ति राकेश कैंथला की पीठ ने मंदिर व्यवस्था के उच्चारण बदलते तथा सारी चढ़त के पैमाने तय करते हुए, खर्च करने का मार्गदर्शन किया है। दरअसल मंदिरों की कमाई आज तक परिभाषित नहीं हुई, जबकि मंदिर आर्थिकी विकसित करने से कई परिवारों को रोजगार, व्यापार को आधार और पर्यटन को चमत्कृत करने का रोड मैप तैयार हो सकता है। इसमें दो राय नहीं कि मंदिर आय की फिजूलखर्ची रुकनी चाहिए, लेकिन यह भी जरूरी है कि आय के इस स्रोत का सही इस्तेमाल करके हम कम से कम पांच हजार करोड़ की आर्थिकी पैदा कर सकते हैं। दक्षिण भारत के मंदिर, वैष्णो देवी या शिरडी का साई मंदिर अकेले तौर पर ही पांच से हजार करोड़ की आर्थिकी पैदा कर रहे हैं, तो प्रदेश के कम से कम आठ–दस मंदिर इस हैसियत में हैं कि आय–व्यय के हिसाब को एक बड़ी आर्थिकी की तस्वीर तक ले जाएं। धूमल सरकार ने प्रशासनिक अधिकारी के सी शर्मा की अध्यक्षता में दक्षिण भारतीय मंदिरों की प्रबंधकीय व्यवस्था पर आधारित एक सिफारिशी रिपोर्ट तैयार की, लेकिन इसका कार्यान्वयन नहीं हुआ। नतीजतन मंदिरों का संचालन एक आधी अधूरी व्यवस्था देख रही है। न कोई कर्मचारी कॉडर बना और न ही प्रबंधन का कोई कोड स्थापित हुआ। आश्चर्य तो यह कि मंदिर व्यवस्था का कोई राज्य स्तरीय पैमाना ही नहीं, लिहाजा हर धार्मिक स्थल पर स्थानीय या क्षेत्रीय राजनीति की पहलवानी होती रही है। मंदिर आय से राजनीतिक खर्चे पूरे होते रहे। दियोटसिद्ध जैसे मंदिर ट्रस्ट ने अनावश्यक कर्मचारियों की संख्या बढ़ा कर रोजगार खरीद लिया, जबकि कई मंदिरों की आय से विकास के नाम पर पैसा जाया होने लगा। माननीय अदालत ने वीआईपी कल्चर की ओर इशारा करते हुए कुछ खर्चे गिनवाए हैं, जहां काजू–किसमिस जैसी खरीद की कड़वाहट घोलती रही है। यहां प्रश्न यह भी तय किया गया कि मंदिर आय का असली वारिस ईश्वरीय स्थापना है। इसका व्यापक अर्थ यह भी हो सकता कि श्रद्धा में आया धन श्रद्धालुओं की सुविधा में खर्च हो। हमें लगता है कि कानूनी दृष्टि में मंदिर विधेयक को विशिष्टता के साथ आज के संदर्भ में सार्थक बनाने पर बहस होनी चाहिए। सर्वप्रथम प्रबंधकीय हिसाब से एक केंद्रीय ट्रस्ट या मंदिर विकास प्राधिकरण का गठन करके स्थायी कॉडर व इंतजाम करना होगा। मंदिरों का विकास श्रद्धालुओं की सुविधा तथा आर्थिकी के हिसाब से करते हुए, प्रसाद, पूजा सामग्री व उपहार वस्तुओं के उत्पादन तक होना चाहिए। हिमाचल में आने वाले अस्सी फीसदी पर्यटक किसी न किसी तरह से धार्मिक यात्राओं से ही जुड़ते हैं, अत: इस संभावना के सांस्कृतिक, सामाजिक, आर्थिक व पारंपरिक मूल्यों का संरक्षण तथा विस्तार होना चाहिए। कुछ संस्कृत विद्यालयों को मंदिरों की आस्था से जोड़ा गया था, लेकिन अब धर्म स्थलों पर बनारस और चारधाम जैसे प्रयोग जरूरी हो जाते हैं। मंदिर आय से परिसरों को सांस्कृतिक केंद्रों के रूप में विकसित करके स्थानीय कलाकारों को रोजगार तथा श्रद्धालुओं को यहां के कलात्मक पक्ष से रू–ब–रू होने का अवसर मिलेगा। इसी आय से हिमाचल में आठ–दस धर्म नगरियां विकसित करके, वहां के हर पहलू में धार्मिक व पारंपरिक मान्यताओं को मथुरा–वृंदावन दर्शन जैसी परिपाटी की तरह पेश किया जा सकता है। अगर हम मंदिर आर्थिकी की दिशा में संगठित प्रयास करते हैं, तो कई धार्मिक यात्रा सर्किट, मंदिर रेल परियोजना तथा मंदिर विकास परियोजनाओं का वित्त पोषण चढ़ावे से ही कर सकते हैं। हमारा लक्ष्य मंदिर आर्थिकी को पांच हजार करोड़ तक पहुंचाने का होना चाहिए और यह अदालत द्वारा निर्देशित फिजूलखर्ची रोक कर ही संभव होगा।



ललित शर्मा
संपादक

## डॉ सत्यवान सौरभ



### शुभ दीवाली

कविता

शुभ दीवाली आ गई, झूम रहा संसार।
माँ लक्ष्मी का आगमन, सजे सभी घर द्वार।।

सुख वैभव सबको मिले, मिले प्यार उपहार।
सच में सौरभ हो तभी, दीवाली त्यौहार।।

दीवाली का पर्व ये, हो सौरभ तब खास।
आ जाए जब झोंपड़ी, महलों को भी रास।।

जिनके स्वच्छ विचार हैं, रखे प्रेम व्यवहार।
उनके सौरभ रोज ही, दीवाली त्यौहार।।

दीवाली उनकी मने, होय सुखी परिवार।
दीप बेच रोशन करे, सौरभ जो घर द्वार।।

मैंने उनको भेंट की, दीवाली और ईद।
जान देश के नाम कर, जो हो गए शहीद।।

फीके–फीके हो गए, त्योहारों के रंग।
दीप दिवाली के बुझे, होली है बेरंग।।

नेह भरे मोती नहीं, खाली मन का सीप।
सूख गई हैं बातियाँ, जलता कैसे दीप।।

बाती रूठी दीप से, हो कैसे प्रकाश।
बैठा मन को बांधकर, अंधियारे का पाश।।

# भ्रष्ट व्यवस्था से कब तक होती रहेंगी निर्दोषों की मौत

तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब जांच में कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2% डायएथिलीन ग्लाइकॉल की पुष्टि हुई। यह जहरीला केमिकल किडनी फेलियर का कारण बनता है। वहीं, नेक्स्ट्रो-डीएस और मेफटॉल पी सिरप की रिपोर्ट सुरक्षित आई। राजनीतिक दलों और सरकारों की निगाहों में देश में आम लोगों के जीवन की कोई कीमत नहीं रह गई है। इसका नया प्रमाण मध्यप्रदेश और राजस्थान में दूषित खांसी की सीरिप से होने वाली मौतें हैं। मध्यप्रदेश के छिंदवाड़ा में मिलावटी सीरिप पीने से 11 और राजस्थान में तीन बच्चो की मौत हो गई। यह पहली बार नहीं है जब देश में स्वास्थ्य सेवाओं से खिलवाड़ का मामला सामने आया है। इससे पहले भी विदेश में निर्यात की जाने वाली खांसी की सीरिप से मौतों के मामले सामने आ चुके हैं। उस वक्त यदि देश के औषिधी विभाग ने सख्त कदम उठाए होते तो जहरीली सीरप पीने से बच्चों की होने वाली मौतों को रोका जा सकता था। आश्चर्य की बात यह कि राजस्थान और मध्यप्रदेश की सरकारें मानने से ही इंकार करती रही कि बच्चों की मौतें विषाक्त सीरप पीने से हुई है, जब मृतकों की संख्या बढ़ने लगी तब कहीं जाकर सरकार में बेमन से इस हादसे को स्वीकार किया। छिंदवाड़ा में जहरीले कफ सिरप से 11 बच्चों की मौत के बाद प्रशासन ने डॉक्टर प्रवीण सोनी को गिरफ्तार किया गया। कंपनी और डॉक्टर पर मामला दर्ज कर सरकार ने सिरप व श्रेसन फार्मा की सभी दवाओं पर प्रतिबंध लगाया। इसके बावजूद राजस्थान की सरकार नहीं चेती। राजस्थान में भाजपा सरकार बच्चों की मौतों के मामलों में लीपपोती ही करती नजर आई। तमिलनाडु ड्रग्स कंट्रोल डिपार्टमेंट की लैब जांच में कोल्ड्रिफ सिरप में 46.2% डायएथिलीन ग्लाइकॉल की पुष्टि हुई। यह जहरीला केमिकल किडनी फेलियर का कारण बनता है। वहीं, नेक्स्ट्रो-डीएस और मेफटॉल पी सिरप की रिपोर्ट सुरक्षित आई। केंद्र सरकार ने बच्चों को कफ सिरप देने में सावधानी बरतने की सलाह दी है। इस मामले की गहराई से जांच करने के लिए केंद्र और राज्य की एजेंसियों ने मिलकर एक बड़ी पड़ताल की। जांचकताओं ने पुष्टि की है कि जिन कफ सिरप पर संदेह था, उनमें कोई भी जहरीला रसायन नहीं मिला है। जांच अभी पूरी नहीं हुई है और अन्य संभावित कारणों की पड़ताल जारी है।



यह पहला मामला नहीं जब कफ सीरप से मौतों को लेकर बवाल मचा है। साल 2022-23 में गाम्बिया और उज्बेकिस्तान में भी भारतीय कफ सिरप्स से बच्चों की मौत हुई थी। गाम्बिया में 70 बच्चों की मौत हो गई थी। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इन मौतों को सिरप से जोड़ते हुए कहा था कि दवाओं में विषाक्त पदार्थों का स्तर अस्वीकार्य पाया गया है। इसका मेडेन फार्मास्युटिकल्स और भारत सरकार दोनों ने इसका खंडन किया था। भारत ने कहा था कि घरेलू स्तर पर परीक्षण के दौरान सिरप गुणवत्ता मानकों के अनुरूप पाए गए। उज्बेकिस्तान सरकार ने दिसंबर 2022 में 65 बच्चों की जान लेने वाले दूषित कफ सिरप वितरित करने वाली कंपनी पर देश के अनिवार्य गुणवत्ता परीक्षण से बचने के लिए स्थानीय अधिकारियों को 33,000 डॉलर की रिश्वत देने का आरोप लगाया था। कंपनी ने आरोपों से इनकार किया था। इसी तरह दिसंबर 2022 में नेपाल ने 16 भारतीय दवा कंपनियों को काली सूची में डाल दिया। काली सूची में डाली गई 16 कंपनियाँ इन दावों का कोई जवाब नहीं दिया है। वर्ष 2013 में रैनबैक्सी ने एक अमेरिकी अदालत में आपराधिक अपराध के सात मामलों में दोषी ठहराया और 50 करोड़ डॉलर (44.5 करोड़ पाउंड) का जुमार्ना भरने पर सहमति जताई, तब भारतीय वाणिज्य मंत्रालय ने दावा किया था कि निहित स्वार्थ भारत में विनिर्माण गुणवत्ता को लेकर छिटपुट मुद्दे उठा रहे हैं। भारतीय दवा निर्यात की गुणवत्ता के बारे में शिकायत करने वाले केवल अमेरिकी और यूरोपीय देश ही नहीं थे। 2014 में, वियतनाम ने 45 भारतीय दवा कंपनियों को काली सूची में डाल दिया और उसके बाद 2016 में 39 और कंपनियों को काली सूची में डाल दिया। श्रीलंका, घाना, नाइजीरिया और मोजाम्बिक ने भारतीय दवा निर्यात की गुणवत्ता के बारे में शिकायत की थी। इन मामलों में केंद्र सरकार की प्रतिक्रिया थी कि प्रतिस्पर्धी भारतीय कंपनियों को बदनाम करने की विदेशी दवा कंपनियों की साज़िश के रूप में चित्रित करने की रही है। हमारे देश में भारतीय सरकारी प्रयोगशालाओं में दवाओं के गुणवत्ता परीक्षण में विफल होने के हजारों मामले सामने आए हैं। यह आधिकारिक रिकॉर्ड में दर्ज है। भारत सरकार द्वारा संचालित एक डेटाबेस में 8,000 से ज्यादा ऐसी दवाइयाँ सूचीबद्ध हैं जो गुणवत्ता परीक्षणों में विफल रहीं।

# प्लेन साड़ी में भी दिखेंगी ग्लैमरस! ये 5 हैवी ब्लाउज देंगे आपको स्टाइलिश लुक



दिवाली पर अपनी सिंपल साड़ी को भी आप हैवी ब्लाउज के साथ आकर्षक फेस्टिव लुक दे सकती हैं। यह लेख पीले, पर्पल और हरे जैसे रंगों के 5 हैवी डिजाइन वाले ब्लाउज आइडिया बताता है, जो आपके साड़ी लुक में चार चांद लगा देंगे। इन डिजाइनर ब्लाउज टिप्स से अपनी प्लेन साड़ी को स्टाइलिश दिवाली फैशन में बदलें। दिवाली पर आप सोच रहें साड़ी पहनने का, लेकिन आपके पास सिंपल साड़ी है। अब टेंशन न लें, साधारण साड़ी को आपको फेस्टिव लुक में क्रिएट कर सकते हैं। हैवी ब्लाउज पहनकर आप अपनी साड़ी के लुक को स्टाइलिश बना सकते हैं। एक साधारण साड़ी को एक आकर्षक, हैवी ब्लाउज से बेहतर कुछ नहीं बना सकता। आइए आपको हैवी डिजाइन वाले ब्लाउज के बारे में बताते हैं, जिन्हें आप दिवाली पर पहन सकते हैं।

**पीला रंग का हैवी ब्लाउजः** सादे पीले रंग की साड़ी के साथ आप पीला रंग का भारी ब्लाउज को पहन सकते है। अपने इस साड़ी लुक को व्हाइट सुनहरे कुंदन के गहनों के साथ पेयर करें और सबसे अलग दिखने के लिए अपने बालों को खुला रखें।

**पर्पल हैवी डिजाइन वाला ब्लाउजः** पारंपरिक लुक के लिए, सिंपल पर्पल साड़ी के साथ हैवी ब्लाउज डिजाइन को चुनें। अपने पहनावे को और भी निखारने के लिए स्टेटमेंट झुमके चुनें और अपने बालों को खुला रखें। दिवाली की पार्टियों के लिए इस साड़ी डिजाइन को आजमाएं।

**ग्रीन हैवी डिजाइन ब्लाउजः** सिंपस सी ग्रीन साड़ी के साथ आप हैवी डिजाइन वाला ब्लाउज पहन सकते हैं। आप स्वीटहार्ट नेक एम्बेलिश्ड ब्लाउज डिजाइन चुन सकती हैं और अपने लुक को निखारने के लिए मेसी बन चुन सकती हैं। यह लुक दिवाली के लिए बेहद कमाल का रहेगा।

**लाल हैवी ब्लाउज डिजाइनः** जो लोग सादगी पसंद करते हैं, उनके लिए लाल साड़ी के साथ यह फ्लोरल रेड हैवी ब्लाउज डिजाइन जरूर मैच करें। अपने लुक को मोतियों के झुमके के साथ पेयर करें।

**मैरुन कलर हैवी ब्लाउजः** गोल्डन या फिर मैटेलिक रंग की साड़ियों पर मैरुन रंग का हैवी ब्लाउज सूट करेगा। यह आपके लुक में चार चांद लगा देगा। दिवाली के लिए साड़ी लुक को मैरुन ब्लाउज ही कम्पलीट करेगा।

# बचे हुए खाने को कभी न करें बर्बाद! अपनाएं ये स्मार्ट किचन हैक्स

बचे हुए खाने को बर्बाद करने के बजाय, उसे प्रभावी ढंग से उपयोग में लाएं। अपनी पसंदीदा रेसिपी अधिक मात्रा में बनाकर फ्रिज में स्टोर करें या बचे हुए भोजन से फ्राइड राइस, आमलेट जैसी नई डिशेज तैयार करें। यह अन्न की बबार्दी रोकने के साथ-साथ आपके समय और स्वास्थ्य के लिए भी लाभकारी है। ताजा खाना खाने से सेहत भी बढ़िया होती है। लेकिन घर में हर बार नाप-तौल के खाना बनाना थोड़ा मुश्किल होता है। इसलिए बचे हुए खाने को कभी भी बर्बाद न करें, इससे अच्छा है कि लेफ्टओवर का फूड यूज कर सकते हैं। जब आपका खाना बनाने का मन न करें तो इन आसान तरीकों से लेफ्टओवर फूड को का इस्तेमाल कर सकते हैं।

**लेफ्टओवर की करें प्लानिंगः** कई बार होता है कि बाहर किसी काम से हमें कहीं जाना होता है, तो फिर घर लौटकर खाना बनाने में दिक्कत होती है। ऐसे में आप अपनी मनपसंद रेसिपी ज्यादा मात्रा में तैयार करके रख लें। फिर इसे फ्रिज में स्टोर करके रख दें, अब आपको खाना पकाने की कोई चिंता नहीं होगी। आप चाहे तो चीला या डोसा के लिए ज्यादा बैटर बनाकर स्टोर करके रख सकते हैं या फिर बिना सिकी हुई पैटी या उबले आलू।

**ये चीजें लगती हैं ज्यादा टेस्टीः** रात या दोपहर का खाना बच ही जाता है, ऐसे में आप अगली मील की प्लानिंग में बचे हुए खाने का इस्तेमाल कर सकते हैं। कुछ चीजें दोबारा गर्म करके खाने और पीने में ज्यादा टेस्टी लगती है, जैसे कि सूप, दाल, करी, रोस्ट की गई सब्जियां।

**पारदर्शी कंटेनर में स्टोर करेंः** अक्सर होता है कि हम सभी खाना फ्रिज में रखकर भूल जाते है। इसलिए हमेशा कांच के पारदर्शी लंच बॉक्स या मैसन जार में खाना स्टोर करें। यह आपको फ्रिज खोलते ही नजर आने लगेंगे।

**बचे हुए खाना से नई रेसिपी बनाएंः** अगर आपका खाना बच जाता है, तो आप अगले मील के लिए इसे खा सकते हैं। कुछ रेसिपी बनाकर बचा हुआ खाना बना सकते हैं। उदाहरण के तौर पर, बची हुई सब्जियों को ऑमलेट या फिर चीले में इस्तेमाल करें। सलाद में उबले हुए काबुली चना डाल दें। बचे हुए चावल से फ्राइड राइस या फिर एग राइस बना सकते हैं। इसके अलावा, आप लेफ्टओवर फूड को नए रुप में सर्व करके डिशेज बना सकते हैं। इस तरह से आप बचा हुआ खाने को खत्म कर सकते हैं।



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# रंगोली महोत्सव में खिला रचनात्मकता का रंग, जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज & हॉस्पिटल, गोवर्धन में दीपों की रोशनी से जगमगाई रंगोली

वेलकम इंडिया



**मथुरा/गोवर्धन।** कुंजेरा रोड स्थित जी.एम. नर्सिंग पैरामेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में दीपावली के पावन अवसर पर दीपों और रंगों का संगम विषय पर रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जलते दीपों की झिलमिल रोशनी के बीच छात्राओं ने अपनी कला और सृजनात्मकता का अद्भुत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में ए.एन.एम. और जी.एन.एम. की छात्राओं ने पारंपरिक और आधुनिक थीम पर आकर्षक रंगोलियाँ बनाईं – किसी ने मोर की छटा बिखेरी तो किसी ने दीपों और फूलों से सजे कलश की सुंदरता दिखाई। प्रतियोगिता में कलश की रंगोली को प्रथम स्थान, मोर की रंगोली को द्वितीय स्थान तथा दीपकों की रंगोली को तृतीय स्थान प्राप्त हुआ। कॉलेज डायरेक्टर बी.बी. शर्मा ओर डॉ विन्देश कुमार ने छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए कहा त्योहारों का सार एकता और सहयोग है। ऐसे आयोजन युवाओं में भारतीय संस्कृति के प्रति सम्मान और उत्साह को बढ़ाते हैं। इस अवसर पर प्रधानाचार्य चंचल कुमार सैनी, डा. ललित, विशाल सिंघल, सागर शर्मा, नेहा, कन्हैया सैनी, दिव्यांशी सक्सेना, गुरुदेव, महेश सिंह, बल्देव सैनी, बलराम, रामकुमार, मनोज समाधिया, विष्णु सैनी सहित कई शिक्षक एवं छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर विजेता छात्राओं को प्रथम ग्रुप को तीन कॉफी सेट, द्वितीय को लाइट सेट, तृतीय को इयर बड ओर सभी को पेन सेट से सम्मानित किया गया तथा सभी ने एक-दूसरे को दीपावली की शुभकामनाएँ दीं।

# जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जिला कारागार, रामपुर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया

वेलकम इंडिया गुलजार आलम



**रामपुर।** जिलाधिकारी, रामपुर एवं पुलिस अधीक्षक, रामपुर द्वारा जिला कारागार, रामपुर का संयुक्त रूप से निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान मिशन शक्ति अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिला बंदियों से भेंट कर उनसे संवाद स्थापित किया गया तथा उन्हें सशक्तिकरण, आत्मनिर्भरता एवं समाज की मुख्यधारा में पुनः जुड़ने के विषय में प्रेरित किया गया। महिला बंदियों द्वारा आत्मविकास हेतु किए जा रहे चित्रकारी, हस्तकला, कविता लेखन एवं अन्य रचनात्मक कार्यों की अधिकारियों द्वारा सराहना की गई। इस प्रकार की गतिविधियाँ महिला बंदियों में आत्मविश्वास बढ़ाने तथा उन्हें सकारात्मक जीवन की दिशा में अग्रसर करने में सहायक होगी। मिशन शक्ति अभियान फेज 5 के अन्तर्गत पूजा ठाकुर द्वारा कुछ सराहनीय पंक्तिया प्रस्तुत की गई जो निम्नवत है इस तरह मिली आजादी आंखो में नमी आई आई है, आजादी न यू पाई है न जाने शहीद थे कितने, कितने गुमनामी पाई है। क्रान्ति की आग जो फैली, खेले वो खून की होली, दी आहुति प्राणो की तब आजादी हमें मिल पाई है। देश पर मरने की जो कसमे वो खाए थे कतरा कतरा दे करके लज्जा देश की बचाई है। है ऋणी देश का वासी, भावुक हो अश्रु झरते है, न जाने कितनी मां ओ ने औलादे अपनी गवाई है। हम जो खुश हुए बैठे, ना समझे कीमत झए आजादी कृत्य ये उनके ही चैन झए- सांस हमने पाई है। विजय गाथा देश की बिन उनकी अधूरी है नतमस्तक है देश के वासी, वो थे तभी तो हम भी है।

## कंपोजिट विद्यालय घुंघरावली में दीपावली पर्व मनाया गया

**बुगरासी।** शनिवार को घुंघरावली विघालय में बच्चों ने दीपावली त्यौहार मनाया। रंगोली बना कर कमरे सजाये गये। बच्चों के उत्साहवर्धन को सम्मानित भी किया गया। बच्चों को मिठाई खिला पटाखे व फुलझडी वितरित किये। इस मौके पर अध्यापक रमेश चंद, कपिल कुमार, भगवानदास शर्मा, सुनील कुमार, मधु कुमारी, सुशील कुमार, शीतल आदि स्टाफ का सहयोग रहा।

# एम. डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल मे सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर :** राजा का ताजपुर के समीपवर्ती रवाना शिकारपुर के विश्वसनीय एवं अपने अनुशासन के लिए लोकप्रिय विद्यालय एम.डी. इंटरनेशनल सीनियर सेकंडरी स्कूल रवाना शिकारपुर में दीपावली के पूर्व दिवस पर विद्यालय परिसर में साँस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह तथा प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने माता सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर तथा पुष्पांजलि अर्पित कर किया। प्रबन्धक देवेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में समस्त अध्यापकों एवं विद्यार्थियों को दीपावली के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं दी और विद्यार्थियों को सच्चाई, सद्भावना और प्रकाश के मार्ग पर चलने का संदेश दिया।

अपने विचार प्रस्तुत करते हुए प्रधानाचार्य टीकम सिंह ने सभी को पर्यावरण अनुकूल दीपावली मनाने का आग्रह किया। विद्यालय में आयोजित दीपावली समारोह में विद्यार्थियों ने रंगोली, दीप सज्जा, कक्ष-सज्जा, हाउस बोर्ड-सज्जा व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से सभी का मन मोह लिया। प्राचार्य व प्रबंधक ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। दीपों की रोशनी से सजा विद्यालय परिसर खुशियों से झिलमिला उठा।

प्रिंस कुमार राणा ने अपने अभिभाषण में विद्यार्थियों को बताया कि दीपावली का वास्तविक अर्थ है अंधकार से प्रकाश की ओर बढ़ना तथा दूसरों के जीवन में भी उजाला फैलाना। कार्यक्रम का समापन विजेता हाउस के नामों की घोषणा करने के पश्चात किया। हाउस बोर्ड सज्जा प्रतियोगिता में प्रथम स्थान - सरदार भगत सिंह हाउस (प्रियांश, अमन, लव, फैजयाब, राघव) द्वितीय स्थान -सुभाष चंद्र बोस हाउस (सलोनी, हिमानी, प्रद्युम्न, कार्तिक, अंश,शिड्रा), तृतीय स्थान ऐ.पी.जे. अब्दुल कलाम हाउस (कर्णका, हिमांक, आर्यन, ध्रुव, गीतांशु) रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम स्थान- सरदार वल्लभ भाई पटेल (अदिति, इकरा, खुशी, अनन्या, याशिका) द्वितीय स्थान सरदार भगत सिंह हाउस (संध्या, सलोनी, रिया, वैष्णवी, हंसी, याशिका), तृतीय स्थान - सुभाष चंद्र बोस हाउस (अंशिका, कनिका, तनु, नाज़िया, प्रज्ञा), कार्यक्रम का समापन विद्यालय प्रबंधन की ओर से सभी अध्यापकों एवं कर्मचारियों को उपहार व मिष्ठान्न वितरित कर किया गया।

## खाने के सामान में चूहे मारने की दवाई मिलाकर जान से मारने का प्रयास करने वाला शातिर चोर गिरफ्तार

बुलंदशहर थाना खुर्जा नगर पुलिस द्वारा एक अभिसूचना के आधार पर कालिंदी कुंज बडे गोल चक्कर के पास से 01 शातिर चोर को गिरफ्तार किया गया उल्लेखनीय है कि अभियुक्त रामेश्वर करीब 01 माह से वादिया शशि देवी के मकान में इलैक्ट्रीशियन का कार्य कर रहा था तथा घर में रखे आभूषणों से धीरे झधीरे चोरी करता चला आ रहा था परिवार के लोगो को अभियुक्त रामेश्वर पर शक होने पर उन्होने इससे पूछताछ की तो अभियुक्त रामेश्वर द्वारा खुद को फसता हुआ देख चुपके से घर में रखे खाने के सामान में चूहे मारने की दवाई मिलाकर वादिया शशि देवी के परिवार के लोगों को जान से मारने का प्रयास किया।

# फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी में दीपावली उत्सव में मनाया गया

वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा




**नूरपुर :** शिवाला कलां स्थित फ्यूचर चिल्ड्रेन एकेडमी में दीपावली के शुभ अवसर पर विविध रंगारंग गतिविधियों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति एवं परंपराओं के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना और उनमें सृजनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करना है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। छोटे बच्चों ने सुंदर कविताएँ एवं शुभकामना संदेश प्रस्तुत किए, वहीं बड़े छात्रों ने अपने-अपने हाउस बोर्ड को आकर्षक तरीके से सजाया। कुछ विद्यार्थियों ने रंग-बिरंगी रंगोलियाँ बनाकर स्वच्छता, सद्भावना, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकाश के संदेश को प्रसारित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय में उत्सवमय वातावरण रहा। बच्चे पारंपरिक परिधानों में सजे हुए अत्यंत उत्साहित नजर आए। दीपों की ज्योति और रंगोलियों की छटा ने पूरे विद्यालय परिसर को आलोकित कर दिया। विद्यालय के प्रधानाचार्य अश्वनी कुमार शर्मा ने सभी विद्यार्थियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कहा कि दीपावली का पर्व अंधकार से प्रकाश की ओर अग्रसर होने का प्रतीक है, हमें इस दिन अपने जीवन से अज्ञान और बुराइयों का अंधकार मिटाकर ज्ञान और सद्भावना का प्रकाश फैलाना चाहिए।

विद्यालय के प्रबंधक संघर्ष चौहान एवं अध्यक्षा कल्याणी चौहान ने विद्यार्थियों को मिठाई खिलाकर दीवाली की शुभकामनाएं दी और दीपावली के महत्व के बारे में बताया और उन्हें जीवन में सकारात्मकता, ईमानदारी एवं करुणा का पालन करने का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी अध्यापक एवं अध्यापिकाओं का पूर्ण सहयोग रहा। सभी ने मिलकर यह सुनिश्चित किया कि बच्चों की प्रतिभा को मंच मिले और वे त्योहार के सांस्कृतिक महत्व को गहराई से समझ सकें।

# गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल में दीपावली उत्सव मनाया गया



वेलकम इंडिया ,: नितिन शर्मा

**नूरपुर :** गुरु तेग बहादुर पब्लिक स्कूल नूरपुर में हर वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली उत्सव का आयोजन हुआ। विद्यालय में सभी पांच हाउसेस सुभाष हाउस, गांधी हाउस, टैगोर हाउस, भगत सिंह हाउस और तेज हाउस के बीच के बीच दीपावली उत्सव और प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सारे बच्चे नवदुर्गा, श्रीराम, लक्ष्मण, भरत, शत्रुघ्न, सीताजी, हनुमानजी एवं लंकापति रावण की वेशभूषा में सजधज कर आये। विद्यालय को खूब सजाया गया। सुभाष हाउस से आरुष श्रीराम, अक्षर लक्ष्मण, रिद्धिमा सीता, पेरिस रावण बने।

गांधी हाउस से सोनाक्षी, रिद्धि आदि नवदुर्गा बनीं। टैगोर हाउस से मायरा सीता बनीं। भगत सिंह हाउस से कुंज श्रीराम, आव्या सीता, सूर्या लक्ष्मण बने। तेज हाउस से आरव श्रीराम, हरकीरत सीता, असद लक्ष्मण, शिवेंद्र रावण, अर्णव कुंभकर्ण बने। सर्वश्रेष्ठ व्याख्या, प्रभसिमरन, रिद्धिमा, परी सर्वश्रेष्ठ वेशभूषा नवरात्रि मॉडल (गांधी हाउस), सर्वश्रेष्ठ राम दरबार - तेज हाउस, भगत सिंह हाउस सर्वश्रेष्ठ नृत्य - तेज हाउस, भगत सिंह हाउस, सर्वश्रेष्ठ रंगोली - तेज हाउस, सुभाष हाउस, भगत सिंह हाउस सर्वश्रेष्ठ बोर्ड सज्जा - तेज हाउस, सुभाष हाउस, भगत सिंह हाउस ओवरऑल सर्वश्रेष्ठ हाउस - तेज हाउस, सुभाष हाउस, भगत सिंह हाउस, तेज हाउस प्रथम, सुभाष हाउस द्वितीय, भगत सिंह हाउस तृतीय रहे। विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह एवं प्रधानाचार्य अवनीश कुमार ने शिक्षकों और विद्यार्थियों को आने वाले त्यौहारों की शुभकामनाएं दी। प्रधानाचार्य ने कहा कि त्यौहार हमें अपने मतभेद भुलाकर साथ आने और खुशियाँ बांटने की सीख देते हैं। मैनेजिंग डायरेक्टर मनदीप सिंह ने कहा कि दीपावली, गोवर्धन पूजा और भाईदूज प्रकृति और जीवन से जुड़े त्यौहार हैं। तीनो त्यौहार हमें जीवन में प्रकाश, प्रकृति की शक्ति और भाई बहन के निर्मल प्रेम की सीख देते हैं, और जीवन में हमें सही रास्ते पर चलने की सीख देते हैं।

# पत्रकार समाज को देते है दिशा : डॉ सुशील सिन्हा

वेलकम इंडिया




**प्रयागराज।** नेशनल यूनियन आफ जर्नलिस्ट इंडिया (एनयूजे) के प्रयागराज जिला इकाई ने अमर नाथ इंटर कालेज राजरूपपुर मे आज दीपावली महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम मे मुख्य अतिथी प्रयागराज के वरिष्ठ समाजसेवी तथा द्वारिका अस्पताल के निदेशक डा सुशील कुमार सिन्हा थे। विशिष्ट अतिथि संगठन के वरिष्ठ संरक्षक पवन द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि विधायक प्रतिनिधि अखिलेश श्रीवास्तव थे जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने किया।

कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने कहा कि पत्रकार अपने खबरो के माध्यम से समाज को दिशा देने का काम करता है। डा सिन्हा ने दीपावली पर सावधानी पूर्वक पटाखे जलाने की अपील की। मुख्य अतिथि डा सिन्हा कहा कि एनयूजे के सदस्यो के बीच आने पर अपनापन का एहसास होता है मै लगातार एनयूजे के बीच आया हूँ और आता रहूँगा। उन्होंने कहा कि एनयूजे को हमारा हर समय पूरा सहयोग है और रहेगा। मुख्य अतिथि डॉ सुशील कुमार सिन्हा ने एनयूजे के सभी पदाधिकारी तथा सदस्यो को दिपावली पर्व की बधाई तथा शुभकामनाएं दी। विशिष्ट अतिथि संगठन के वरिष्ठ संरक्षक पवन द्विवेदी ने दीपावली महोत्सव को सम्बोधित करते हुए कहा कि एनयूजे राष्टव्यापी संगठन है हम सब खबरो को राष्टीय हित को ध्यान में रख कर लिखते है क्योंकि देशहित ही सर्वोपरि है। वरिष्ठ पत्रकार पवन द्विवेदी ने एनयूजे के सभी पदाधिकारियो तथा सदस्यो को दीपावली की बधाई तथा शुभकामना दी। दीपावली महोत्सव को सम्बोधित करते हुए संगठन के जिला अध्यक्ष कुन्दन श्रीवास्तव ने कहा कि हम सभी पत्रकारो को कार्य करने की कोई समय सीमा नही होती है हम सब 24 घंटे कार्य करते है, इसी को ध्यान मे रखते हुए इस कार्यक्रम को आयोजित किया गया है ताकि हम सब पत्रकार साथी एकसाथ कुछ पल आपस में बिता सके। उन्होंने कहा कि संगठन सभी पदाधिकारियों सदस्यों के मान सम्मान का पूरा ध्यान रखता है। कार्यक्रम का संचालन महामंत्री अखिलेश शुक्ला ने किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करने वालो मे वरिष्ठ उपाध्यक्ष उमेश श्रीवास्तव, मनीष दिवेदी, मो नसीम खान, देवाशीष श्रीवास्तव, आनन्द श्रीवास्तव ने किया। दीपावली महोत्सव में पवन द्विवेदी, कुन्दन श्रीवास्तव, अखिलेश शुक्ला, चित्रांशी यादव, मो नसीम, देवाशीष श्रीवास्तव, गिरीश पान्डेय, वीके यादव, मनोज कुमार, धर्मेन्द्र श्रीवास्तव, राम बाबू, डॉ सुधाकर पान्डेय, मधुर दरबारी, शनी केसरी, असद कुरैशी, शिव पान्डेय, रंजीत निषाद, अशरफ अली, नफीस अहमद, गौरव त्रिपाठी, अमित श्रीवास्तव, मूलचद्रं भारती, अनूप रावत, भालचद्रं पान्डेय, इरफान खान, राकेश पाल, राम कैलाश कनौजिया, जितेद्रं कुमार सिंह, शिव जी मालवीय, शीतला प्रसाद तिवारी, पवन देव, अनिरूद त्रिपाठी, सरिता देवी आदि उपस्थित रहे।

# वी.एस.एम. एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन



वेलकम इंडिया : नितिन शर्मा

**नूरपुर।** वी.एस.एम. एकेडमी में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्राओं ने बड़े उत्साह और सृजनात्मकता के साथ भाग लिया तथा विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी सुंदर रंगोलियों से सजा दिया। इस कार्यक्रम में विभिन्न कक्षाओं की छात्राओं कक्षा 11वीं से अंसारा, वंशिका, आयशा, वार्निका और सृष्टि, कक्षा 9वीं से कंगना और हिमाक्षी, कक्षा 7वीं से भूमि और गुंजन, कक्षा 6वीं से अन्वी और सबा, कक्षा 5वीं से मरियम और गुंजन, तथा कक्षा 2वीं से आरुषि ने प्रतिभाग किया। आयोजन में कामेंद्र सिंह, प्रियांशी यादव, चेतना राजपूत सहित शिक्षकों का योगदान रहा। सभी प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता का सुंदर प्रदर्शन किया और आकर्षक रंगोलियाँ बनाकर वातावरण को मनमोहक बना दिया। विद्यालय परिवार ने सभी प्रतिभागियों की सराहना करते हुए उन्हें भविष्य में और बेहतर प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएँ दीं।

# सेंट एंजेल्स में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया दीपावली पर्व

वेलकम इंडिया

**बागपत।** विवेक जैन। सेंट एंजेल्स पब्लिक स्कूल में दीपों का त्योहार दीपावली बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल के बच्चों ने रंगोली मेकिंग, दीप सज्जा एवं विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़- चढ़कर प्रतिभाग किया एवं अपनी प्रतिभा एवं रचनात्मक कलाकृतियों द्वारा सभी को मंत्र-मुग्ध कर दिया। रंगोली मेकिंग, दीप सज्जा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों में युग, यश, माही, काव्या, निशांत, आरव, तनिष, रियांश, विनायक, विराज, रिद्धि रूद्रा, आन्या, अरनव, एंजेल, अविका, वर्णिका, आराध्या, पाखी, अफीफा, हार्दिक, दक्ष, आयुष, कार्तिक, ऋषभ, दिव्यांशी, अदिति, वाणी, तनिष्का, माहिरा, कनक, नंदिनी, अजका, आराध्या, नैंसी, अक्षित, अवनी, कुणाल, अनुभव, केशव, विराट, तेजांश, भव्य, इवा, गार्गी, जोया, विनायक, आयुष, आशी, अनाया, आव्या, शिविका, मिष्टी, लक्ष्मण, अनुराग, अर्श, प्रीत, कृतिका, पूवीर्का, विरोनिका आदि छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। स्कूल प्रबंधक अजय गोयल ने सभी शिक्षक व शिक्षिकाओं को दीपावली पर्व की शुभकामनाएं प्रदान करते हुए उन्हें मिठाइयां एवं गिफ्ट प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर सुमन, नैना, गुंजन, निधि, ज्योति, खुशी, वैशाली, कनिका, कशिश, प्रियंका, ऋतु, आयशा, शालू, अंकिता, उमा, शिवानी, मधु, अंजू, बबलेश, प्रदीप, इमरान, सचिन, सुमित, राजीव, दीपक, कृष्णा, आदित्य आदि शिक्षक व शिक्षिकाओं का विशेष सहयोग रहा।



# एसडीएम और सीओ ने पटाखा बिक्री स्थलों का किया निरीक्षण किया

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**




**सिद्धार्थनगर।** बीएसए ग्राउण्ड मे पटाखा के चिन्हित दुकानों का उपजिलाधिकारी नौगढ़ कल्याण सिंह मौर्या और एएसपी सीओ सदर विश्वजीत सौरयान ने शनिवार को दीपावली के लिए निर्धारित पटाखा बिक्री स्थलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शनिवार दोपहर लगभग दो बजे एसडीएम नौगढ़ व सीओ सदर ने मुख्यालय के बीएसए ग्राउण्ड में स्थित पटाखा बिक्री स्थल का दौरा किया। उन्होंने वहां मौजूद व्यापारियों से बातचीत की और पटाखा बिक्री स्थल पर अग्निशमन की पूरी व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा।सीओ सदर ने निर्देश दिए कि दो दुकानों के बीच पर्याप्त दूरी रखी जाए, ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में बड़े नुकसान से बचा जा सके। उन्होंने स्पष्ट किया कि बिना अनुमति के कोई भी व्यापारी पटाखे नहीं बेचेगा।

सीओ सदर ने बताया पटाखा के दुकानों के लिए तहसील प्रशासन ने 18 से 20 अक्तूबर कुल तीन दिन की अनुमति दी है जिसमें लगभग 40 पटाखें के अस्थायी दुकानों का परमिशन हुआ है जिन्हें चिन्हित जगहों पर दुकान लगाने का निर्देश दिया गया है। सभी दुकानों पर एक अदद एवीसी या डीसीपी फायर एक्सटिंग्यूशर, ड्रम में दो सौ लीटर पानी मय बाल्टी, 10 घन फुट बालू बेलचा सहित रखने के निर्देश दिए हैं।

सभी दुकानदारों को प्रशासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अनिवार्य रूप से पालन करना होगा। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।उपजिलाधिकारी कल्याण सिंह मौर्य ने नागरिकों से भी अपील की कि वे दीपावली पर्व पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखें। उन्होंने लोगों से निर्धारित स्थानों से ही पटाखे खरीदने और बच्चों को पटाखे जलाते समय सावधानी बरतने की सलाह देने का आग्रह किया।

इस निरीक्षण के दौरान जेल चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक अमित चौधरी, हरिकेश यादव, अशोक पासवान,सनवर पूर्व सभासद, नजीर, शाहिद, आफताब खान, चून्ने खान सहित कई अन्य लोग उपस्थित रहे।

## शमशेर अहमद मैनेजर को किया गया सम्मानित

**संतकबीरनगर।** सर सय्यद डे सेलिब्रेशन के शुभ अवसर पर बस्ती स्थित एन आर होटल में शानदार प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर ए आर सी डिग्री कॉलेज मूंडाडीहा बेग के संस्थापक मैनेजर शमशेर अहमद प्रधान को उच्च शिक्षा क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु शील्ड स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। बस्ती कमिश्नरी के अलीग बिरादरी के बहुत से सीनियर डॉक्टर इंजीनियर शिक्षकों ने शमशेर अहमद की प्रशंसा करते हुए इनके कार्यों की सराहना की। सर सय्यद डे के अवसर पर डॉ मो अकबाल , डा अब्दुर्रशीद,डा मुशीर अहमद, डा मो तारिक ,शोएब रहमान, सपा नेता मो अहमद, डा मुश्ताक अहमद,काजी फैजान,शमीम अहमद एडोकेट,मसूद अहमद गुड्डू,दिलशाद अफसर,जफीर अली करखी , जूरेज अहमद आदि मौजूद रहे। ए आर सी डिग्री कॉलेज मूंडाडीहा बेग के डायरेक्टर शमशेर अहमद प्रधान ने प्रोग्राम को संबोधित करते हुए कहा शीघ्र ही सौ बेड का हॉस्पिटल जनता को समर्पित किया जाएगा।

## नपाध्यक्ष ने दीपावली पर्व पर आफिस स्टाफ व सफाई कर्मचारियों को भेंट की मिठाई का उपहार एवं दी बधाई

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**



**बांसी/सिद्धार्थनगर।** नगरपालिका परिषद बांसी की अध्यक्ष श्रीमती चमन आरा राईनी ने शनिवार को दीपावली पर्व के अवसर पर नगर पालिका कार्यालय में पहुंचकर कर्मचारियों को मिठाई वितरण किया और सभी को धनतेरस व दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दीं।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दीपावली का पर्व प्रकाश, सहयोग और सद्भाव का प्रतीक है। नगर पालिका परिवार के सभी कर्मचारी नगर की स्वच्छता, सौंदर्यीकरण और जनसेवा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। यह अवसर हमें एकता और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा देता है।

उन्होंने आगे कहा कि हर वर्ष की तरह इस बार भी दीपावली से पूर्व मिठाई का उपहार वितरण का यह कार्यक्रम नगर पालिका परिवार के साथ सौहार्द और आत्मीयता का प्रतीक है।

कार्यक्रम में सपा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद इद्रीश पटवारी, नगर पालिका के अधिकारी, कर्मचारी और समाजसेवी मौजूद रहे। सभी ने दीपावली पर्व को स्वच्छता, भाईचारा और सहयोग का संदेश देने वाला बताया।

## सार संक्षेप

### नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों को दिया दीपावली का उपहार

**वेलकम इण्डिया असदुल्लाह सिद्दीकी**

**बिस्कोहर/सिद्धार्थनगर।** नगर पंचायत बिस्कोहर कार्यालय में कार्यरत सभी कर्मचारियों व क्षेत्र में कार्यरत सफाईकर्मियों एवं सुपरवाइजर को नगर अध्यक्ष अजय गुप्ता ने शनिवार दोपहर को दीपावली पर्व को लेकर आयोजित कार्यक्रम में अंगवस्त्र व मिठाई उपहार स्वरूप दिया । नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि सफाईकर्मियों की मेहनत की बदौलत ही स्वच्छ भारत अभियान का सपना नगर क्षेत्र में सच हो रहा है।

### थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ऐसी दरिया दिली कभी नहीं देखी होगी मिशन शक्ति 5.0 अभियान को बनाया सफल



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात थानाध्यक्ष ने मुस्लिम महिला के बेटे का अस्पताल में चल रहा है इलाज जिसकी वजह से आर्थिक तंगी से जूझ रही महिला मदद का सपना मन में संजोए भावुक होती हुई थाना प्रभारी के पास समस्या लेकर पहुंची।थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने मिशन शक्ति 5.0 अभियान को सफल बनाते हुए महिला की सोच से भी ज्यादा कर दी मदद इतना ही नहीं आर्थिक मदद के साथ-साथ महिला को हर संभव मदद का दिलाया भरोसा।पुलिस पुलिस एक सिक्के के दो पहलू की तरह होती है एक तरफ अपराधियों के ऊपर कार्यवाही करती है तो दूसरी तरफ लोगों की मदद भी करने में पिछे नहीं रहती है, जिसका नजारा आज हापुड़ के थाना देहात में देखने को मिला रहा है।

### किसोला में हमला करने वाले बंदरों को ग्रामीणों ने पकडा

**बुगरासी।** क्षेत्र के गांव किसोला में ग्रामीणों ने उन चार बंदरों को मुशकिल से पकड कर बंद कर लिया है। ग्रामीण बंद किये बंदरों कों केला व रोटी खिला रहे हैं।इन बंदरों ने कई दर्जन आदमियों को काटकर घायल कर दिया था। घायलों को इंजेक्शन लगवाने के लिये बुलंदशहर जाना पड़ रहा है।बताते चलें कि पहले गांव में सैकड़ों बंदर रहते थे तो ग्रामीणों ने काटने के डर से उन्हें पकडकर कहीं बहार छोड आये थे।कुछ दिन बाद ये चार बदर आये और ग्रामीणों पर अचानक हमले करने शुरू दिये।कुछ ग्रामीणों का मानना है कि बंदरों को गांव से निकाल देने पर बंदर नाराज होकर हमले कर रहे हैं।इन बंदरों ने सोते हुए पर जगल में काम करतो पर रास्ते में आते जातो पर हमले करके घायल किये है।

## धन्वन्तरि कूप विश्व में अद्वितीय : डॉ.दयाशंकर मिश्र

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** काशी मण्डल वैद्य सभा वाराणसी द्वारा आयोजित धन्वन्तरि जयन्ती के अवसर पर महामृत्युन्जय मन्दिर परिसर (दारानगर) स्थित धन्वन्तरि अमृत कूप एवं धनवत्रेश्वर महादेव पर राष्ट्र स्वास्थ्य के लिए विशेष पूजन,अर्चन और हवन का आयोजन किया गयो मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित आयुष मंत्री डॉ.दयाशंकर मिश्र दयालु ने कहा कि यह धन्वन्तरि कूप विश्व में अद्वितीय है यहाँ भगवान धन्वन्तरि ने स्वर्ग गमन से पूर्व अपनी औषधि पेटिका डाली और जल को सर्वरोग हर बनाया उन्होंने उपस्थित वैद्य एवं चिकित्सकों को बताया कि नाग कूप का जल ग्रहण करने से आरोग्य लाभ होता है तथा जल का सेवन स्वास्थ्य एवं आरोग्य के लिए अत्यंत महत्त्वपूर्ण है उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आयुष की सभी चिकित्सा पद्धतियों के लिए विशेष कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं और सभी जिलों में संयुक्त चिकित्सालय स्थापित किए जाएंगे आयुषमान योजना के अंतर्गत रोगियों को लाभ प्रदान किया जाएगा यजमान के रूप में डा.राकेश मोहन श्रीवास्तव रहे ।

इस अवसर पर वैद्य सभा से डा.एस.एस.गांगुली,डा. अजय जायसवाल,प्राकृतिक चिकित्सा से डा.एस.डी. यादव, डा.आर.जे.पाल, डा.राजेश मौर्या,मंत्री के जनसंपर्क अधिकारी गौरव राठी,विश्व आयुर्वेद परिषद से वैद्य मनीष मिश्रा,डा.देवानन्द पाण्डेय एवं जनपद आयुर्वेद सम्मेलन से डा.डी.के.सिंह,डा.बी.आर.यादव और डा.पी.के.सिंह ने हवन कुण्ड में अपनी श्रद्धा की आहुतियां अर्पित की पूजन-अर्चन के पश्चात,वैद्य रंगी राम विश्वकर्मा की स्मृति में आयोजित वैज्ञानिक संगोष्ठी में हेमन्त ऋतु में स्वास्थ्य रक्षा पर विस्तार से चर्चा हुई वैद्य ओम प्रकाश विश्वकर्मा ने वैद्य रंगी राम विश्वकर्मा के व्यक्तित्व और योगदान पर प्रकाश डाला जबकि कार्यक्रम का स्वागत डा.सुभाष श्रीवास्तव (अध्यक्ष) ने किया अध्यक्षीय उद्बोधन डा. केशरी नारायण त्रिपाठी ने दिया इस अवसर पर डा.सुभाष श्रीवास्तव ने हेमन्त ऋतु में स्वास्थ्य हेतु आहार संबंधी मार्गदर्शन दिया उन्होंने कहा कि मधुर अम्ल एवं लवणयुक्त आहार जैसे गुड़, आंवला,गौ घृत, अश्वगंधा, कपिकच्छु, शिलाजीत,सफेद मुसली, सोंठ,पीपल और काली मिर्च का सेवन,साथ ही अभ्यंग तेल मालिश करने से स्वास्थ्य में सुधार होता है ।

कार्यक्रम का संचालन वैद्य ध्रुव कुमार अग्रहरि,डा. नन्दकिशोर सिंह ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन डा. विजय राणा ने किया इस प्रकार धन्वन्तरि जयन्ती 2025 ने काशी के वैद्य समाज,चिकित्सकों और आम जनता को वैदिक ज्ञान,जल और आरोग्य के महत्व की प्रेरणा प्रदान की।

## सेक्स रैकेट संचालक को मिली अग्रिम जमानत

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**





**वाराणसी।** अपने मकान में भोली भाली लड़कियों को बुलाकर उनसे अनैतिक देह व्यापार कराने के मामले में आरोपित को कोर्ट से बड़ी राहत मिला विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट द्वितीय) नितिन पाण्डेय की अदालत ने रोहतास बिहार निवासी आरोपित अवधेश सिंह को पुलिस द्वारा गिरफ्तार किए जाने की दशा में 50 हजार रुपए की एक जमानतदार एवं बंधपत्र देने पर अग्रिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है अदालत में बचाव पक्ष की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता अनुज यादव,नरेश यादव,गिरजा शंकर यादव व संदीप यादव ने पक्ष रखा।

अभियोजन पक्ष के अनुसार सहायक पुलिस आयुक्त सारनाथ विजय प्रताप सिंह 18 मई 2025 को क्षेत्र में गश्त कर रहे थे उसी दौरान रात करीब 9.30 बजे मुखबिर से सूचना मिली कि शिवपुर थाना क्षेत्र में लिबर्टी शोरुम भोजूबीर तिराहे के पास बने मकान के तीसरे तल पर अनुराग सिंह व उनकी पत्नी खुशी सिंह के द्वारा भोली-भाली लड़कियों को काम का लालच देकर उक्त मकान में बुलाकर बन्धक बनाकर अनैतिक देह व्यापार का धन्धा चला रहे है इस सूचना पर पुलिस टीम ने मकान में छापेमारी की छापेमारी के दौरान मकान के अंदर बने केबिनों में अलग-अलग कई महिलाएं और पुरुष आपत्तिजनक स्थिति में मिले वहीं हाल में तीन महिलायें व एक पुरुष काउण्टर पर बैठा हुआ मिला।

## वृद्ध महिला के पास ग्राहक बनकर पहुंचे थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता ने खरीद लिए सारे दिए उस बुजुर्ग महिला ने थानाध्यक्ष के परिवार के दुआएं दी



**वेलकम इंडिया हरेन्द्र शर्मा**

**हापुड़।** जनपद के थाना देहात क्षेत्र में आज धनतेरस के दिन पैदल थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता पैदल गस्त कर रहे थे इसी दौरान बाजार में सड़क के किनारे दिए बेच रही एक वृद्ध महिला व उसके मासूम बच्चे को देखकर थाना प्रभारी ने उनसे पूछा तो उन्होंने बताया कि आज सुबह से दिए बचने के लिए बैठे हैं। लेकिन एक भी दिया नहीं बिका इस पर थानाध्यक्ष विजय कुमार गुप्ता हापुड़ देहात के द्वारा महिला के समस्त दिये खरीद लिए गए इससे वृद्ध महिला के द्वारा पुलिस को आशीर्वाद व धन्यवाद दिया एवं खुशी खुशी दिए बेचकर अपने घर अपने घर चली गई।थानाध्यक्ष हापुड़ देहात का बहुत हीसराहनीय कार्य बताया गया।

## लखीमपुर मेला मैदान में संगीत सम्मेलन आयोजित:आमंत्रित कलाकारों ने दी प्रस्तुतियां

**वेलकम इंडिया/मोहम्मद असलम**



**लखीमपुर खीरी।** शहर के दशहरा मेला के सांस्कृतिक कार्यक्रमों की श्रृंखला में शुक्रवार को बाहर से आए कलाकारों ने डांस और गीत संगीत के कार्यक्रमों से धूम मचाई। सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के लिए दर्शक देर रात तक मेला मैदान में जमे रहे। मेला में आमंत्रित कलाकारों का संगीत सम्मेलन किया गया। इसमें कलाकारों ने देर रात तक श्रोताओं को संगीत के रंग में रंगा पालिकाध्यक्षा डॉ. इरा श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की, जबकि मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा ने आयोजकों का उत्साह बढ़ाते हुए मंच को गौरवपूर्ण बनाया।

उद्घाटन सत्र का सफल संचालन समाजसेवी-साहित्यकार राममोहन गुप्त ने किया। दीप प्रज्वलन के साथ ही कार्यक्रम की शुरूआत हुई, मेला प्रभारी कौशल तिवारी ने सभी कलाकारों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। इसके बाद मंच पर प्ले बैक सिंगर विपिन सचदेवा, मुंबई की शैलजा कुशवाहा और स्टैंडअप कमेडियन अर्पित सैनी की प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। गीतों पर दर्शकों ने जमकर तालियां बजाईं।

विपिन सचदेवा ने हम तो चले परदेस परदेसी हो गए छूटा अपना देश हम परदेसी हो गए और दर्दे दिल दर्दे जिगर दिल मे जगाया आप ने सभी को झूमने पर विवश कर दिया। डांसर आज की रात मजा हुस्न का आंखों से लीजिए लोगों की जमकर तालिया बटोरी। देर रात तक दर्शक गीत संगीत का आनंद लिया।

आप को बात दे शिव कुमार, भास्कर कुशवाहा, मुरलीधर मौर्या, उत्तम वर्मा, जसपाल सिंह पाली, बृजेश मिश्रा, धर्मेंद्र दीक्षित, सुनील वर्मा, विशाल दीक्षित, कृष्ण मुरारी, रामजी शर्मा, बृजेश शुक्ला, एड. रमेश चंद्र वर्मा, सुमन वर्मा और अक्षय कुमार जैसे गणमान्य लोग इस सम्मान के भागी बने। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि रघुवीर मित्तल और गुरजीत सिंह आजमानी के अलावा मेलाधिकारी समरा सईद, मेलाध्यक्ष कौशल तिवारी, श्वेता शर्मा, इंजी. दुर्गेश वर्मा सहित तमाम गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## दीपावली पर खुशियां जलाएं, प्रदूषण नहीं – मिसेज एशिया विजयता सचदेवा ने प्लास्टिक और पटाखों से दूरी रखने का संदेश दिया

**वेलकम इंडिया सनी कुमार केसरवानी**



**वाराणसी।** मिसेज एशिया खिताब अपने नाम कर चुकीं विजयता सचदेवा ने एक बार फिर अपने सामाजिक सरोकारों से सबका दिल जीत लिया है। ग्लैमर की दुनिया से जुड़ी होने के बावजूद विजयता ने हमेशा अपने मंच को समाज में जागरूकता फैलाने का माध्यम बनाया है। इस बार उन्होंने दीपावली के अवसर पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर लोगों से विशेष अपील की है।

विजयता सचदेवा ने कहा कि दीपावली खुशियों और प्रकाश का पर्व है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि असली रोशनी तब फैलेगी जब हम अपने आस-पास के वातावरण को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त रखेंगे। कृपया पटाखों का सीमित प्रयोग करें और प्लास्टिक की सजावट या थैलियों से दूरी बनाएँ।

उन्होंने बताया कि हर साल दीपावली पर बढ़ता वायु और ध्वनि प्रदूषण न केवल पर्यावरण बल्कि बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है। इसलिए हमें ऐसे त्योहार मनाने चाहिए जो प्रकृति और मानवता दोनों के अनुकूल हों।

विजयता सचदेवा का मानना है कि मॉडलिंग केवल शोहरत का माध्यम नहीं बल्कि जिम्मेदारी निभाने का अवसर है। उन्होंने कई फैशन शोज और सामाजिक अभियानों में हिस्सा लेते हुए पर्यावरण, अनुशासन और महिला सशक्तिकरण जैसे मुद्दों को मंच पर उठाया है।

विजयता कहती हैं कि ग्लैमर सिर्फ दिखावे तक सीमित नहीं है। असली खूबसूरती हमारी सोच, संवेदनशीलता और समाज के प्रति हमारी जिम्मेदारी में है। अगर हम प्लास्टिक का इस्तेमाल बंद कर दें और पर्यावरण के रक्षक बनें, तो यही हमारी सच्ची सुंदरता होगी।

मॉडलिंग से प्रेरणादायी पहचान बनाने के बाद विजयता सचदेवा अब बॉलीवुड में एंट्री की तैयारी कर रही हैं। उनका कहना है कि वे फिल्मों के माध्यम से भी समाज में जागरूकता और सकारात्मक सोच फैलाना चाहती हैं।विजयता का दीपावली संदेश दिया हैं कि इस दीपावली अपने घर को रोशनी से सजाएं, लेकिन आसमान को धुएं से नहीं भरें। मिट्टी के दीये जलाएं, प्लास्टिक की सजावट से बचें और प्रकृति का सम्मान करें तभी हमारे त्योहार की असली चमक बनी रहेगी।

विजयता सचदेवा की यह सोच आज की पीढ़ी के लिए प्रेरणा है जहाँ सौंदर्य सिर्फ चेहरे में नहीं, बल्कि विचारों की पवित्रता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता में है।

## अगौता पुलिस ने लावारिस ट्रैक्टर ट्रॉली किये बरामद

**बुलंदशहर।** शनिवार को अवैध खनन के खिलाफ पुलिस की कार्यवाही अगौता क्षेत्र के गाँव ढकौली मंडी के पास पुलिस को एक ट्रैक्टर ट्रॉली जो अवैध मिट्टी से भरी हुई थी जिसे पुलिस ने बरामद किया हैं थाना प्रभारी निरीक्षक अतुल कुमार चौहान ने बताया है कि अगौता पुलिस शनिवार की सुबह जौली प्याऊ पर चेकिंग कर रही थी तभी मुखबिर द्वारा सूचना दी गई कि गाँव ढकौली मंडी के पास एक अवैध ट्रैक्टर ट्राली खड़ी है जिसमें मिट्टी भरी हुई है पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर जाकर देखा तो वहां पर एक ट्रैक्टर ट्रॉली मिट्टी से भरी हुई थी। लेकिन उस पर चालक नहीं था पूछताछ करने पर भी वहां कोई नहीं आया।पुलिस ट्रैक्टर ट्राली को थाने ले आई और अवैध खनन की कार्रवाई करते हुए ट्रैक्टर ट्राली का लावारिस में मुकदमा दर्ज कर दिया है थाना प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि अवैध खनन के खिलाफ कार्यवाही जारी रहेगी अगर कोई भी अवैध खनन करता हुआ पकड़ा गया तो उसके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी।

## श्वर्णमयी अन्नपूर्णा का खुला दरबार दर्शन के लिए भक्तों की लगी कतार

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** धर्म अध्यात्म की नगरी में खजाने वाली देवी का दरबार शनिवार से भक्तों के लिए खुल गयो मंदिर खुलने के साथ ही श्री काशी अन्नपूर्णा मंदिर में एक किलोमीटर लंबी भक्तों की कतार देखी गई मंगला आरती के बाद भक्तों के लिए मां अन्नपूर्णा का कपाट खुला तो भक्त दर्शन संग खजाना पाकर निहाल हो गए शुक्रवार से ही भक्त कतारबद्ध हो गये थे खजाना स्वरूप में बांटे गए 6 लाख 50 हजर सिक्के और 11 बोरे लावा सुरक्षा के रहे कड़े इंतजाम आस्थावानों की लगी लंबी कतार शनिवार को सुबह 5 बजे आम श्रद्धालुओ के खुला माता अन्नपूर्णा का दरबार।

महंत शंकर पुरी ने भी श्रद्धालुओ खजाना वितरित किया अन्नकूट तक भक्तों के लिए पट खुलने से पहले उन्होंने माता के स्वर्ण विग्रह और खजाने का विधि पूर्वक पूजन किया गया हजारों लोग शुक्रवार की सुबह से ही कतारों में लग गए थे सूरज चढ़ते वक्त गोदौलिया से बांसफाटक होते हुए ज्ञानवापी तक दर्शनार्थियों से पट गया था । महंत शंकर पुरी ने पांच ब्राह्मणों के आचार्यत्व में एक घंटे तक सविधि पूजन किया, भगवती अन्नपूर्णा की आरती उतारी मंगला आरती के दौरान मुख्य तौर पर विशाखाप्टनम के उद्योपती सुब्बाराव हरिद्वार से आये शिवांदन गिरी रहें भीड़ नियंत्रण करने में पुलिसकर्मियों के छुटे पसीने स्वर्णमयी प्रतिमा के दर्शन-पूजन व खजाना लेने पहुंची भीड़ को नियंत्रित करने के लिए पुलिस को कड़ी मशक़्कत करनी पड़ी।

# नगर निगम ने पर्वो पर की विशेष साफ सफाई की व्यवस्था

**वेलकम इंडिया**




**मथुरा।** मथुरा वृंदावन नगर निगम ने पांच दिवसीय दीपोत्सव के अवसर पर महानगर वासियों के लिए विशेष साफ सफाई की व्यवस्था की है। मेयर विनोद अग्रवाल व नगर आयुक्त जग प्रवेश वर्मा के निर्देशन में अपर नगर आयुक्त अनिल कुमार के नेतृत्व में टीमें काम कर रही हैं।दीपावली, गोवर्धन पूजा, यम द्वितीया एवं छठ पूजा पर्वों के अवसर पर नगर निगम ने नगर में स्वच्छता व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के लिए व्यापक कदम उठाए हैं।

निगम की सहयोगी संस्था नेचर ग्रीन कंपनी द्वारा विशेष प्रबंध किए हैं। कंपनी के परियोजना प्रबंधक अभिलाष सागवान ने बताया पर्वों के दौरान घाटों, प्रमुख मंदिरों, बाजारों और भीड़-भाड़ वाले क्षेत्रों के अलावा अन्य क्षेत्रों में भी सफाई की व्यवस्था अच्छी होगी।स्वच्छता बनाए रखने हेतु अधिक मात्रा में उत्पन्न होने वाले कचरे के त्वरित संकलन एवं निस्तारण के लिए अतिरिक्त संसाधन 12 डोर-टू-डोर गाड़ियाँ,8 ट्रैक्टर-ट्रॉली (किराये पर), 2 जेसीबी मशीनें, 1 ट्रैक्टर लोडर आदि लगाए हैं।इन संसाधनों के माध्यम से सफाई कर्मी दिन-रात निरंतर सफाई कार्य कर रहे हैं ताकि श्रद्धालु और नागरिक एक स्वच्छ, सुंदर एवं दिव्य वातावरण में पर्वों का आनंद ले सकें। निरंतर बार्डो में सफाई अभियान चलाया जा रहा है। कंपनी के ऑपरेशन प्रभारी अभिषेक बाजपेई ने नागरिकों से अपील की कि वह भी सफाई की व्यवस्था में निगम का सहयोग करें जैसे पूजा सामग्री एवं कचरा निर्धारित स्थानों पर ही डालें।

घाटों एवं सड़कों को स्वच्छ रखने में सफाई कर्मियों का साथ दें।स्वच्छता ही सेवा की भावना से जुड़कर अपने नगर को और अधिक सुंदर बनाएं।

इसके अलावा कंपनी के सभी अधीनस्थ अधिकारी व कर्मचारी भी सेवा भाव से जुटे हुए हैं। बंगाली घाट पर टीम ने स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई की गई।

## मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा निकली

**जहाँगीराबाद।** नगर में शुक्रवार को बड़े हर्षोल्लास के बीच मां महाकाली की भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी सुविन भारद्वाज व विशिष्टअतिथि के रूप में पूर्व सभासद विनय अग्रवाल ,मनोज ओझा ने सयुक्त रूप से फीता काटकर किया शुभारंभ करने के साथ ही मां के जयकारों से पूरा नगर गुंजायमान हो उठा। शोभायात्रा में मां महाकाली के साथ-साथ भगवान शिव के अघोरी रूप के मनमोहक स्वरूपों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। भक्तों ने जयकारों के साथ मां के दिव्य रूप के दर्शन किए। नगरवासियों ने जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया। माँ काली की आरती भी भक्तों की आकर्षण का केंद्र रहीशोभायात्रा मौहल्ला मैमारान स्थित शिव मंदिर से होते हुए डाकखाना रोड, गांधी चौक, प्रभूदयाल, वंशीधर चौक, कोठी होते हुए मंदिर परिसर में संपन्न हुई। पूरे नगर में भक्ति गीतों, ढोल-नगाड़ों और शंखनाद से आध्यात्मिक वातावरण निर्मित हो गया।

# डीएम की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस का हुआ आयोजन

**वेलकम इंडिया**

**संतकबीरनगर।** जिलाधिकारी आलोक कुमार की अध्यक्षता में खलीलाबाद तहसील में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन हुआ। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना व मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायतों को निर्धारित समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के लिए राजस्व विभाग सहित अन्य सम्बंधित विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया है।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में जनसामान्य की शिकायतों को एक-एक कर सुनते हुए जिलाधिकारी ने शिकायत से सम्बंधित विभागीय अधिकारी को मौके पर बुला कर तत्काल निस्तारित करने अथवा भूमि विवाद/अन्य किसी विवाद की स्थिति में शिकायतकर्ता सहित सभी पक्षों की उपस्थिति में मौके का स्थलीय निरीक्षण कर निस्तारण के निर्देश दिये।

सम्पूर्ण समाधान दिवस में उपस्थित फरियादियों की समस्याओं को सुनते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि फरियादियों की शिकायतों का त्वरित निस्तारण और शिकायतकर्ता की संतुष्टि ही सम्पूर्ण समाधान दिवस का मुख्य लक्ष्य है, इसमें किसी भी प्रकार लापरवाही पाये जाने पर जिम्मेदार अधिकारी के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।

खलीलाबाद तहसील में विभिन्न संदर्भों से संबंधित कुल 39 प्रार्थना पत्र प्राप्त हुये, जिसमें से जिलाधिकारी द्वारा 09 प्रार्थना पत्रों का संबंधित राजस्व अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विभागीय अधिकारियों से प्रकरण की विस्तृत जानकारी लेते हुए तत्काल निस्तारित करवाया गया। जिलाधिकारी द्वारा 04 प्रकरणों में स्थलीय निरीक्षण कर नियमानुसार निस्तारण हेतु संबंधित अधिकारी/कर्मचारी की टीम भेजी गई। शेष प्रकरणों को जिलाधिकारी द्वारा संबंधित विभाग के अधिकारियों को हस्थांतरित करते हुए तत्काल कार्यवाही कर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने के निर्देश दिये गए।

कानून एवं व्यवस्था से संबंधित मामलों की सुनवाई पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा किया गया। उन्होंने थानाध्यक्षों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले में मौके पर जाकर कार्यवाही की जाय।उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुसार यह सुनिश्चित कराया जाय कि पीड़ित पक्ष को त्वरित न्याय मिल सके।

इस अवसर पर उप जिलाधिकारी खलीलाबाद अरूण कुमार, तहसीलदार आनन्द कुमार ओझा सहित तहसील से सम्बंधित अधिकारी, राजस्व कर्मचारी, लेखपाल आदि उपस्थित रहे।इसी क्रम में मेहदावल तहसील में आयोजित सम्पूर्ण समाधान दिवस की सुनवाई अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) जय प्रकाश द्वारा की गयी।

## सार संक्षेप

### अवैध खनन करते 4 डम्फर,2 जेसीवी व 1 ट्रेक्टर जब्त



**मथुरा।** उप जिलाधिकारी सदर/ जवाइंट मजिस्ट्रेट अभिनव जे जैन एवं जिला खनन अधिकारी अक्षय कुमार द्वारा दिनाँक 17 की रात्रि से दिनांक 18 की प्रातः तक कार्यवाही की गई। थाना हाईवे के अन्तर्गत ग्राम बाद एवं अडूकी मे 3 जेसीवी व 2 ट्रेक्टरो को अवैध मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ा गया। थाना फरह के अन्तर्गत ग्राम रोसू से 4 डम्फर, 2 जे०सी०वी व 1 ट्रेक्टर को अवैध मिट्टी का खनन करते हुए पकड़ा गया। थाना रिफाईनरी क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम बाद हाईवे से 4 डम्फरो को चैक किया गया, जिनमें अवैध रूप से बालू एंव डस्ट भरी हुई थी। अवैध मिट्टी एवं बालू खनन की रोकथाम हेतु थाना प्रभारी हाईवे, फरह, रिफाईनरी एवं तहसीलदार, नायब तहसीलदार के द्वारा भी छापेमारी की कार्यवाही की गई। उक्त सभी जे०सी०वी०, ट्रैक्टरो व डम्फरो को सम्बंधित थाना प्रभारियों की सुर्पदगी में दिया गया। उपरोक्त के सम्बंध में खनन विभाग एवं परिवहन विभाग को आवश्यक कार्यवाही करने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

### मानव सेवा ट्रस्ट के सदस्यों ने जरूरत मंद लोगो कपड़े और मिठाई बांटी



**झांसी।** मानव सेवा ट्रस्ट की संस्थापक स्प्रहा श्रीवास्तव ने दिवाली पर सब जरूरत मंद लोगो को कपड़े और मिठाई बाटी बच्चो को कपडे मिठाई पताके बाट कर चेहरे पर खुशिय लाने का काम किया इसमें उनके साथ अख्तर खान, आलोक तिवारी, अनूप साहू, सृजन श्रीवास्तव, मिस्टी सृष्टि आदि शामिल रहे।

# किंवित जैविक खाद से समृद्ध मृदा,आय वृद्धि एवं पर्यावरण संतुलन विषय पर कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी में किया गया किसान गोष्ठी का आयोजन

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**




**वाराणसी।** सस्य विज्ञान संभाग, भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान नई दिल्ली में डॉ संजय सिंह राठौर, परियोजना समन्वयक के मार्गदर्शन में चल रही परियोजना भारत में प्रमुख फसल प्रणाली की उत्पादकता को स्थाई रूप से बढ़ाने और पर्यावरण पद चिन्हों को कम करने के लिए किंवित जैविक खादों का मूल्यांकन,प्रचार-प्रसार और विस्तार के तत्वाधान में 'किंवित जैविक खाद से समृद्ध मृदा,आय वृद्धि एवं पर्यावरण संतुलन विषय पर एक किसान गोष्ठी का आयोजन 18 अक्टूबर 2025 शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र वाराणसी में सफलतापूर्वक किया गया` यह परियोजना मारुति सुजुकी इंडिया प्राइवेट लिमिटेड के आर्थिक सहयोग से शुरू हुआ हैं किंवित जैविक खाद जिसको फर्मेंटेड ऑर्गेनिक खाद या संक्षेप में एफओएम कहते हैं यह एक जैविक रूप से स्थिर उत्पाद है जो नियंत्रित वायवीय या अवायवीय स्थितियों में पशु गोबर,पौधों के अवशेष (धान की पराली) या कृषि उप-उत्पादों से जैसे कार्बनिक अपशिष्टों के सूक्ष्मजीविय किण्वन से प्राप्त होता है ।

किण्वन प्रक्रिया के दौरान जटिल कार्बनिक यौगिक का विघटन होता है जिससे यह सरल और जैव उपलब्ध पोषक तत्वों में बदल जाते हैं जो मिट्टी की उर्वरता और सूक्ष्मजीवों की गतिविधियों को बढ़ाने में मदद करते हैं एफओएम के बहुत लाभ है जैसे कि यह खाद धीमी गति से लगातार पौधों को पोषक तत्व प्रदान करता है साथ ही पोषक तत्वों के अवशोषण की दक्षता में भी सुधार करता हैं यह मृदा की संरचना को सुधार कर बेहतर पोषक तत्व अवशोषण करने के लिए तथा मजबूत जड़ विकास को भी बढ़ावा देता है मिट्टी जनित रोगों और कीटों के प्रभाव को कम करने में भी यह मदद करता है साथ ही बलुई मिट्टी की जलधारण क्षमता को भी बढ़ता है इसके प्रयोग से ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन में भी कटौती होती है ।

इस गोष्ठी में लगभग 150 से अधिक किसानों ने भाग लिया तथा फर्मेंटेड ऑर्गेनिक खाद की खूबियों को जाना जो की जैविक खेती में यह पोषक तत्व प्रबंधन के लिए एक उचित और उपयुक्त विकल्प के रूप में कार्य करेगा साथ ही रासायनिक उर्वरकों के प्रति किसानों की निर्भरता को भी कम करेगो गोष्ठी का आयोजन मुख्य रूप से भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान के परियोजना समन्वयक डॉ संजय सिंह राठौर, अन्वेषक डॉक्टर राजीव कुमार सिंह तथा सह-अन्वेषक डॉक्टर प्रवीण कुमार उपाध्याय ने किया।

# एआईओसीडी ने नकली दवाओं के विरुद्ध सरकार की नई अधिसूचना का किया स्वागत

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**

**वाराणसी।** ऑल इंडिया ऑर्गनाइजेशन ऑफ केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स (अकडउऊ) ने भारत सरकार के उस निर्णय का हार्दिक स्वागत किया है जिसके तहत अब वैक्सीन, एंटीमाइक्रोबियल, नारकोटिक एवं साइकोट्रॉपिक ड्रग्स तथा एंटी-कैंसर दवाओं को शेड्यूल ल2 के अंतर्गत लाते हुए बारकोड एवं क्यूआर कोड आधारित ट्रेसबिलिटी को अनिवार्य किया गया है।

एआईओसीडी के अध्यक्ष जे.एस.शिंदे एवं महासचिव राजीव सिंघल ने कहा कि यह दूरदर्शी कदम नकली और निम्न-स्तरीय दवाओं के विरुद्ध लड़ाई को मजबूत करेगा तथा दवा आपूर्ति श्रृंखला में जनता का विश्वास और भी बढ़ाएगा` निर्माण से लेकर विक्रय तक दवा की ट्रेसबिलिटी सुनिश्चित करना जनस्वास्थ्य की सुरक्षा और फार्मा क्षेत्र की साख बनाए रखने के लिए अत्यंत आवश्यक है ।

एआईओसीडी इस पहल का पूर्ण समर्थन करती है और देशभर के 12 लाख से अधिक केमिस्ट्स के अपने नेटवर्क के माध्यम से इसके सुचारू और प्रभावी क्रियान्वयन हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन देती हैं साथ ही,संगठन यह आग्रह करता है कि खुदरा विक्रेताओं और वितरकों को आवश्यक प्रशिक्षण,जागरूकता और तकनीकी सहयोग प्रदान किया जाए` सरकार देश के केमिस्टों को साथ लेकर इस कार्य को करें ताकि यह प्रणाली सभी स्तरों पर प्रभावी रूप से कार्य कर सके।

आइए मिलकर भारत की दवा आपूर्ति श्रृंखला को और अधिक पारदर्शी,विश्वसनीय एवं गुणवत्ता की दृष्टि से वैश्विक मानकों के अनुरूप बनाएं।

# देश का प्रतिनिधित्व करेंगी दो बेटियां, अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी की छात्राएं

**वेलकम इंडिया**



**औरंगाबाद/ बुलंदशहर** अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी की दो छात्राओं का वर्ल्ड जू जुत्सु चैंपियन शिप में चयन हुआ है। महाविद्यालय की इस उपलब्धि से समूचे महाविद्यालय के साथ साथ क्षेत्र भर में हर्ष की लहर दौड़ गई है। उल्लेखनीय है कि इस उपलब्धि का श्रेय महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक शारीरिक शिक्षा एवं खेल कूद विभागाध्यक्ष प्रोफेसर भीष्म सिंह के सतत प्रयासों को जाता है।

बैंकाक में होने वाली वर्ल्ड जू जुत्सु चैंपियन शिप में देश का प्रतिनिधित्व करने के लिए अमर सिंह महाविद्यालय लखावटी की उदीयमान होनहार छात्रा लवली राजपूत पुत्री रणवीर सिंह निवासी गांव माजरा खानपुर 52किलोग्राम वर्ग तथा लवी शर्मा पुत्री राजेन्द्र कुमार शर्मा निवासी ग्राम खाद मोहननगर 70 किलोग्राम वर्ग में चयन हुआ है। प्रतियोगिता 7 नवंबर से 14नवंबर 25 तक बैंकाक में आयोजित की जायेगी।

छात्राओं की इस विशिष्ट उपलब्धि से समूचे महाविद्यालय परिसर एवं क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर राजेन्द्र कुमार एवं क्रीड़ा अधिकारी प्रोफेसर भीष्म सिंह, प्रोफेसर निशा चौधरी, डॉ मनीष मिश्रा डॉ रामजी द्विवेदी डॉ पंकज सिंह डॉ तरुण दहिया कोच भूपेंद्र कुमार आदि ने चयनित छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित कर बधाई दी और सभी का मूंह मीठा कराया। महाविद्यालय परिवार ने छात्राओं के उत्कृष्ट प्रदर्शन कर अपने देश प्रदेश और क्षेत्र का नाम रोशन करने की कामना करते हुए उज्जवल भविष्य के लिए अपनी शुभकामनाएं दीं।

# कुटुंब प्रबोधन मातृ शक्तिआयाम काशी प्रांत,प्रभुजन सेवा एवं भू देवश्री चरिटेबल ट्रस्ट ने हर्षोल्लास से मनाया दीवाली

**वेलकम इंडिया/संतोष कुमार सिंह**



**वाराणसी।** दिवाली के पहले की शाम जरूरतमंद बच्चों की आँखों में कई दीये जगमगा उठे और उनकी चहक में पटाको की हल्की हर्ष ध्वनि सुनाई दी कुटुंब प्रबोधन मातृ शक्ति आयाम काशी प्रांत, प्रभुजन सेवा एवं भू देवश्री चरिटेबल ट्रस्ट के तत्वाधान से दिवाली दुगाकुंड स्थित आनंद पार्क में मलिन बस्तियों के जरूरतमंद बच्चो के साथ हर्षोल्लास से मनाया गयो पठन पाठन की सामग्रियों के अलावा पटाखे,कपड़े,मिठाईयाँ,न्यूट्रीशियन पाऊडर के साथ-साथ चिप्स नमकीन का वितरण किया गयो इसके अलावा हाईजीन अवेरेनेस के तहत बड़ी बच्चियों में सनेटरी पैड एवं इंटीमेट लोशन का वितरण किया गया ।

सामग्रियों के वितरण के बाद बच्चों ने फूल झरियाँ,चकरी,अनार जला के खुश हुए साथ ही स्काई कैंडल भी जलाया एक सार्थक शाम मानवता के नाम कहने में कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी ।

कार्यक्रम में मुख्य तौर पे कुटुंब प्रबोधन मातृ शक्ति आयाम प्रमुख डॉ नीता सिंह, संयोजिका लक्ष्मी पाठक,प्रकांड विद्वान वेंकटरमना घनपाटी,देवश्री गुप्ता के अलावा सहयोगी संस्थाओं में नादान परिंदे,साक्षी क्रियेशन और त्रिलोकी संगम रहें साथ ही नीतू सिंह,शिवम तिवारी, नलिनी पाठक,रेखा सिंह,रजनी जायसवाल,दिलीप सिंह,डॉ सुभाष चंद्रा,साक्षी महरोत्रा,कृष्ण मोहन- पांडे,श्री कांत पांडे, बृजेश पाठक,खुशबू सिंह,जितेंद्र तलरेजा,नेहा दूबे आदि लोग उपस्थित रहें आज की शाम एकता और सद्भाव के नाम रही ।

# पुलिस की गोली लगने से मुठभेड़ में ढेर हुआ एक लाख ईनामी नफीस

**वेलकम इंडिया**



**कांधला। (मोहसीन रहमानी)** थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के जंगल में पुलिस की बदमाशों के साथ, मुठभेड़ हो गई मुठभेड़ के दौरान पुलिस की गोली लगने से एक लाख रुपए का इनामी बदमाश घायल हो गया बदमाश का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में कामयाब रहा। पुलिस ने उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

बदमाश के ऊपर 34 मुकदमे दर्ज थे तीन मुकदमों में वांछित चल रहा था पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरते हुए पीएम के लिए भेज दिया है। पुलिस फरार बदमाश की तलाश में जुटी हुई है मौके पर फॉरेंसिक टीम एसपी सहित कई थानों की पुलिस ने पहुंचकर घटनास्थल का निरीक्षण किया। एसपी एनपी सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार सवेरे पुलिस को इनपुट मिला कि थाना क्षेत्र के गांव भभीसा के जंगल में बदमाश किसी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, कैराना कोतवाली प्रभारी समयपाल अत्री भारी पुलिस बल के साथ मुखबिर के बताए गए स्थान पर पहुंचे। पुलिस ने एक मोटरसाइकिल पर दो संदिग्ध व्यक्ति आते दिखाई दिए। पुलिस के अनुसार जब पुलिस टीम ने घेराबंदी करते हुए बदमाशों को आत्म समर्पण करने के लिए कहा तो बाइक सवार दोनों बदमाशों ने पुलिस पार्टी पर फायरिंग कर दी। पुलिस ने भी जवाबी कार्रवाई करते हुए गोली चलाई एक गोली बदमाश को लग गई जबकि दूसरा बदमाश का साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। पुलिस ने घायल बदमाश को उपचार के लिए शामली के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने घायल बदमाश को मृत घोषित कर दिया। बदमाश की पहचान नफीस पुत्र मूदा निवासी मोहल्ला खेल कांधला के रूप में हुई। एसपी शामली एनपी सिंह के द्वारा बताया गया कि नफीस के ऊपर 34 मुकदमे दर्ज हैं जिनमें लूट,हत्या,चोरी,गैंगस्टर एवं नकली करेंसी से जुड़े मामले दर्ज हैं। पुलिस ने बदमाश के कब्जे से एक मोटरसाइकिल पिस्टल कारतूस भी बरामद करने का दावा किया है।एक लाख के इनामी बदमाश के साथ हुई मुठभेड़ की सूचना पाकर मौके पर एसपी एनपी सिंह, फॉरेंसिक टीम, सहित कई थानों की पुलिस पहुंची और फरार बदमाश की तलाश में कांबिंग की। मगर फरार बदमाश का कहीं भी सुराग नहीं लगा। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस मुठभेड़ में थाना प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार बाल-बाल बच गए फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और साक्ष्य जुटाए।

### पहली पत्नी की हो चुकी है मौत, दूसरी के साथ कर रहा था गुजर बसर

कांधला। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए एक लाख के इनामी नफीस पुत्र मुद्दा की पहली पत्नी रुखसाना की लगभग 7 वर्ष पूर्व बीमारी के चलते मौत हो गई थी, परिजनों के अनुसार नफीस अपनी दूसरी पत्नी शमा के साथ अपना जीवन बिता रहा था।

### भाई नदीम का दावा अपराध की दुनिया से कर चुका था तोबा

कांधला। एक लाख के ईनामी बदमाश नफीस के भाई नदीम ने बताया कि उसका भाई कई वर्षों से कोलकाता और कर्नाटक में कपड़े की फेरी कर रहा था और अपराध की दुनिया से तौबा कर चुका था। पहली पत्नी की मौत के बाद उसने बंगाल निवासी महिला शमा के साथ शादी कर रखी और उसी के साथ अपना जीवन बिता रहा था।

### इनाम 1 लाख मगर मकान की भी छत नहीं मिली पक्की

कांधला। पुलिस मुठभेड़ में मारे गए इनामी बदमाश नफीस के मकान की छत पक्की नहीं मिली उसके मकान पर टीन सेड पड़ा हुआ था। मोहल्ले के लोगों को जैसे ही मुठभेड़ की सूचना मिली तो उसके मकान पर भीड़ उमड़ पड़ी आसपास के लोग चर्चा कर रहे थे कि इनाम एक लाख मगर सर पर पक्की छत का साया भी नहीं।

# बीसलपुर रोड पर मौत का सफर, बस से भिड़ी इको वैन, तीन की मौत, 10 घायल

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** शुक्रवार रात बरेली-बीसलपुर मार्ग पर मौत बनकर आई बस ने एक इको वैन को ऐसी टक्कर मारी कि वैन के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में तीन लोगों की मौके पर ही जान चली गई, जबकि 10 लोग घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर मौके पर जुटे लोगों ने पुलिस को सूचना दी। कुछ ही देर में भुता थाना पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची और कटर से वैन को काटकर शवों को बाहर निकाला।

हादसा रात करीब डेढ़ बजे मिर्ची ढाबे के पास हुआ। बताया जा रहा है कि इको वैन बरेली से सवारियां लेकर बीसलपुर की ओर जा रही थी। इसी बीच सामने से आ रही बस से आमने-सामने भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि वैन बुरी तरह चकनाचूर हो गई और आगे बैठे लोग उसी में फंस गए। राहत-बचाव में जुटी फायर ब्रिगेड की टीम को वैन काटनी पड़ी। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद फंसे शव और घायलों को बाहर निकाला जा सका। पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस से जिला अस्पताल भिजवाया, जहां इलाज के दौरान एक और व्यक्ति ने दम तोड़ दिया। हादसे में राकेश (30) पुत्र विजय बहादुर, गौरव (19) पुत्र सियाराम (दोनों निवासी ग्राम लाम्हुआ, थाना दियोरिया, पीलीभीत) और जितेंद्र (32) पुत्र मनुराम निवासी परेवातुर्रा थाना बिलसंडा, पीलीभीत की मौत हो गई। शिव शंकर, हरीशचंद्र, छोटेलाल, महेंद्र (सभी निवासी परेवातुर्रा, थाना बिलसंडा), कांता प्रसाद, अजय, अमित, भजनलाल उर्फ बड़े, बीरपाल उर्फ नन्नू और गोधन (सभी निवासी लाम्हुआ, थाना दियोरिया, पीलीभीत) घायल हैं। इनमें दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। टक्कर के बाद बस चालक मौके से फरार हो गया। बस में कोई सवारी नहीं मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, ओवरटेक करने के चक्कर में यह हादसा हुआ। पुलिस ने दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है। टक्कर के बाद सड़क पर जूते-चप्पल और यात्रियों का सामान बिखर गया। कुछ लोग वैन से बाहर फेंक दिए गए। हादसे के बाद बीसलपुर मार्ग पर लंबा जाम लग गया, जिसे पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद खुलवाया।

## अगौता थाने की मिशन शक्ति टीम ने साइबर जागरूकता अभियान चलाया

**बुलंदशहर।** शनिवार को थाना अगौता से साइबर जागरूकता अभियान तथा मिशन शक्ति 5.0 अभियान के तहत वरिष्ठ उप निरीक्षक दिनेश मलिक, उप निरीक्षक रेखा यादव, मङ्ग हेङ्ग काङ्ग अंजू काङ्ग रीना, मय मिशन शक्ति व साइबर टीम द्वारा साइबर फ्रॉड से बचने तथा महिलाओं व बालिकाओं को सरकार की विभिन्न सरकारी योजनाओं जैसे कन्या सुमंगला योजना निराश्रित महिला पेंशन योजना उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन बैंकिंग कॉपोरेंडेंट सखी रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष राष्ट्रीय पोषण मिशन प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना तथा विभिन्न हेल्प लाईन नंबरों जैसे 1090 महिला हेल्प लाइन नंबर 1098 चाइल्ड हेल्प लाइन नंबर 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन नंबर 112 पुलिस हेल्प लाइन नंबर 1930 साइबर हेल्प लाइन नंबर 181 महिला हेल्प डेस्क नंबर 102 एंबुलेंस हेल्प लाइन नंबर की जानकारी देते हुए जागरूक किया गया।

# गन्ने के खेत में पेड़ से लटका मिला बुजुर्ग का शव, हाथ बंधे होने से हत्या की आशंका

**वेलकम इंडिया/चरन सिंह**



**बरेली।** मीरगंज क्षेत्र के खमरिया आजमपुर गांव में शनिवार सुबह एक बुजुर्ग का शव गन्ने के खेत में पेड़ से लटका हुआ मिला। शव के हाथ आगे की ओर बंधे थे और पैर जमीन से टिके हुए थे, जिससे मौत के हालात संदिग्ध नजर आ रहे हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार गांव के रहने वाले महावीर सिंह सुबह अपने खेत में पहुंचे तो उन्होंने पेड़ से लटका शव देखा। यह नजारा देखकर वे सन्न रह गए और तुरंत ग्राम प्रधान को खबर दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही कोतवाली प्रभारी प्रयागराज सिंह और सीओ अजय कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव की जांच की तो पाया कि मृतक की उम्र करीब 60 साल होगी। शव से बदबू आ रही थी, जिससे अंदेशा है कि मौत को कई दिन बीत चुके हैं। मृतक लुंगी से पेड़ पर लटका था, लेकिन हाथ रस्सी से आगे की ओर बंधे थे और पैर जमीन से लगे थे। ऐसे में यह साफ नहीं हो पाया कि मामला आत्महत्या का है या हत्या कर शव को लटकाया गया है। फॉरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर फिंगरप्रिंट, सैंपल और तस्वीरें लीं। पुलिस ने आसपास के गांवों में मृतक की पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। सीओ अजय कुमार ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। मामला संदिग्ध है, इसलिए पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति साफ हो पाएगी। घटना की खबर फैलते ही गांव में सनसनी फैल गई और लोग मौके पर जुट गए। पुलिस हर पहलू से मामले की जांच में जुटी है।

# साइबर सेल को मिली बड़ी कामयाबी: पीड़ित को दिलाए 51 हजार वापस




**वेलकम इंडिया/सुनील गुप्ता**

**बरेली।** थाना प्रेमनगर पुलिस ने साइबर अपराध के एक मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक पीड़ित को उसकी ठगी गई रकम वापस दिला दी है। पुलिस की सक्रियता और साइबर हेल्प डेस्क टीम के प्रयासों से पीड़ित के 51 हजार रुपये वापस मिल गए, इस खबर के बाद अब आम लोगों में पुलिस पर भरोसा और मजबूत हुआ है। दरअसल यह मामला थाना प्रेमनगर क्षेत्र के गुलाबनगर निवासी साजिद खाँ पुत्र जमीमल खाँ से जुड़ा हुआ है उन्होंने बताया कि यूपीआई ट्रांसफर के माध्यम से 51 हजार रुपये गलती से सुनील कुमार नामक व्यक्ति के खाते में ट्रांसफर हो गए थे। इस पर उन्होंने तत्काल साइबर हेल्पलाइन 1930 पर शिकायत संख्या दर्ज कराई और थाना प्रेमनगर में लिखित प्रार्थना पत्र भी दिया था। शिकायत मिलते ही थाना प्रेमनगर में गठित साइबर हेल्प डेस्क टीम ने प्रकरण पर गंभीरता से कार्यवाही की। टीम ने बैंक अधिकारियों से समन्वय बनाते हुए पीड़ित साजिद खाँ की 51 हजार रुपए की पूरी धनराशि वापस करा दी है।

# नजीबाबाद चैरिटेबल ब्लड सेंटर द्वारा मीडिया कर्मियों को किया सम्मानित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**नजीबाबाद।** चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से स्थानीय मीडिया कर्मियों को सम्मानित किया गया। यह कार्यक्रम ब्लड सेंटर के परिसर में आयोजित किया गया, जिसमें क्षेत्र के प्रमुख पत्रकारों को सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम का उद्देश्य पत्रकारिता के क्षेत्र में उनके योगदान को सराहना और उन्हें प्रोत्साहित करना था।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहे उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन के जिला अध्यक्ष कपिल सर्राफ द्वारा फीता काटकर किया गया और इन्होंने पत्रकारों की मेहनत और समाज में उनके योगदान की सराहना की।सेंटर के संस्थापक, वरुण पोखरियाल ने कहा मीडिया का काम समाज में सच को सामने लाना है और वे हमेशा समाज की आवाज बनते हैं। इन पत्रकारों का काम हमारे समाज को सही दिशा देने का है और आज का यह सम्मान उनके कठिन काम और उनके योगदान को पहचान देने के लिए है।इस मौके पर नगर के पत्रकारों मै शामिल डॉ आफताब नोमानी, कामिल अंसारी, शादाब जफर, नईम सिद्दीकी, अशरफ अली, शाकिब जैदी, शाहबाज अहमद, डॉ वसीम बारी नौशाद मुल्तानी आदि पत्रकारों ने भी अपनी बात रखी। नगर के वरिष्ठ पत्रकार इकबाल हिंदुस्तानी ने कहा हमारा काम सिर्फ खबरों को फैलाना नहीं बल्कि समाज के मुद्दों को उजागर करना है। हमें गर्व है कि हम समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं और इस सम्मान से हम और भी प्रेरित होते हैं।

कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों को प्रतीक चिह्न और प्रमाण पत्र दिए गए। इसके अलावा, नजीबाबाद चैरिटेबल ब्लड सेंटर की ओर से पत्रकारों के लिए एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया, जिसमें रक्तदान और थैलीसीमिया जैसी बीमारियों और चैरिटेबल ब्लड सेंटर की गतिविधियों पर जानकारी दी गई।

# विद्यालय स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चों ने दिखाया अपना हुनर



**वेलकम इंडिया/चरण सिंह**

**बरेली।** परिषदीय विद्यालयों में विभाग द्वारा दिए गए निर्देशों के क्रम में विद्यालय स्तरीय खेल-कूद प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इसी क्रम में कंपोजिट विद्यालय जोगीठेर में प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार एवं खेल निदेशक गौरव गंगवार के नेतृत्व में प्राथमिक उच्च प्राथमिक स्तर पर बालक बालिका वर्ग में कई खेलों को लेकर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर प्रधानाध्यापक लाल बहादुर गंगवार ने कहा कि यह प्रतियोगिता बच्चों के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

हमारे विद्यालय में खेल अनुदेशक गौरव गंगवार द्वारा बच्चों को कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद, दौड़ जैसी पारंपरिक खेलों में प्रतिभाग करने का मौका दिया गया, जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। आज की इस प्रतियोगिता का मुख्य आकर्षण यह रहा कि इसमें बालक और बालिका वर्ग में अलग-अलग टीमें बनाई गई। कबड्डी, खो-खो, लंबी कूद ऊँची कूद, दौड़, रंगोली, आदि खेलों में दोनों ही वर्ग कि टीमों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में बच्चों ने टीम भावना और प्रतिस्पर्धात्मक सोच के अनुरूप खेल प्रतियोगिता में भाग लिया।

इस अवसर पर विद्यालय की तरफ से वरिष्ठ अध्यापिका दीपा गुप्ता, गीता यादव, नीलम सक्सेना, रेनू गंगवार, मीनू रस्तोगी कृष्णा स्वाती, रिंपल सिंह, आकांक्षा रावत, रुचि दिवाकर, बेबी तबस्सुम, मोहन सिंह, सुधांशु कुमार के साथ पंडित अनिल कुमार शर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# गांव में घूम-घूमकर हींग बेचने वाला बना अचानक मंदिर का पुजारी - ग्रामीण



**वाराणसी।** ग्रामीणों ने लगाया आरोप मंदिर के नाम पर हो रहा है गलत काम ग्रामीणों के द्वारा बताया जा रहा है की परमानंदपुर गांव में प्राचीन हनुमान जी का मंदिर है गांव में घूम-घूम कर हींग बेचने वाला राम नारायण गिरी अचानक मंदिर का पुजारी बन गया शाम और रात को यहां पर तथाकथित पुजारी की देखरेख में युवा वर्ग मादक पदार्थों का सेवन कर उत्पात मचाते हैं इस कारण गांव की महिलाएं डर की वजह से मंदिर पूजा अर्चना के लिए नहीं जा पाती हैं।

# डीएम की अध्यक्षता में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया




**वेलकम इंडिया**

**बुलंदशहर।** जिलाधिकारी श्रुति की अध्यक्षता में तहसील शिकारपुर में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। समाधान दिवस में 77 फरियादियों द्वारा अपनी समस्याओं के प्रार्थना पत्र प्रस्तुत करने पर मौके पर 09 शिकायतों का निस्तारण किया गया। शेष शिकायतों को सम्बंधित विभाग को प्रेषित करते हुए निर्देशित किया गया कि शिकायतों का निस्तारण गुणवत्ता से किया जाए।

एसएसपी दिनेश कुमार सिंह ने पुलिस से संबंधित शिकायतों को सुनकर उनके निस्तारण के निर्देश दिए। समाधान दिवस में सीएमओ डॉ सुनील दोहरे, उप जिलाधिकारी शिकारपुर अरूण कुमार, सीओ सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# फसल अवशेष प्रबंधन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर नगीना।** कृषि विज्ञान केंद्र नगीना बिजनौर द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना अंतर्गत कृषि विज्ञान केंद्र नगीना में जनपद स्तरीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कृषि विज्ञान केंद्र नगीना के प्रभारी अधिकारी डा. के के सिंह ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान साथियों अपनी फसलों के अवशेषों को ना जलाएं फसलों के अवशेषों को जलाने से मृदा, वायु ,वातावरण आदि में गंभीर नुकसान होते हैं। फसलों के अवशेषों को सुरक्षित बना करके रखें उससे अन्य तरीके अपना करके उनको अपने खेत की मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाएं साथ ही साथ वातावरण को प्रदूषित होने से बचाएं। साथ ही डा. सिंह ने बताया कि किसान भाई अपनी खेती मे गेंहू, सरसो और मसूर की बायोफोटीफाईड प्रजातियो को शामिल करके उच्च उत्पादन के साथ साथ अतिरिक्त आय की प्राप्ति करे एवं गन्ना की उच्च उत्पादन तकनीक की अधिक जानकारी दी। उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र नगीना की वैज्ञानिक डॉ. शिवांगी ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं। साथ ही मृदा परीक्षण एवं मृदा स्वास्थ्य प्रबंधन की तकनीक पर विस्तृत रूप से जानकारी दी।

उक्त कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के डॉ पिन्टू कुमार ने उपस्थित कृषकों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान भाई अपने फसलों के अवशेष जो बचते हैं उनका उपयोग अन्य तरीके अपनाकर सुरक्षित कर सकते हैं, एवं आमदनी में वृद्धि कर सकते हैं जैसे गेहूं के भूसे से, धान की पराली से मशरूम उत्पादन कर सकते हैं, साथ ही साथ पराली से गत्ते और जैसे उत्पाद बनाए जा सकते हैं। फसल अवशेषों को अतिशीघ्र खेत में समाहित करने हेतु डिकम्पोजर के प्रयोग की तकनीकी बतायी।

डा. प्रतिमा वैज्ञानिक ने किसानों से अनुरोध है क्या के किसान साथियों अपने खेतों में पराली जलाएं नहीं, बल्कि उनका उपयोग खेती में मल्च तकनीक के रुप में करें।

कार्यक्रम के अंत में फसल अवशेष प्रबंधन पर जागरूकता रैली निकाली गई।

# श्रीराधा उपासना कुंज में दीप प्रज्वलन के साथ प्रारंभ हुआ ब्रज अकादमी का 47वां स्थापना दिवस व श्रीहनुमज्जयंती महोत्सव

**वेलकम इंडिया/डॉ. गोपाल चतुर्वेदी**



**वृन्दावन।** मोतीझील स्थित श्रीराधा उपासना कुंज में ब्रज के प्रख्यात संत श्रीपाद बाबा महाराज के द्वारा संस्थापित ब्रज अकादमी का 47वां त्रिदिवसीय स्थापना दिवस व श्रीहनुमज्जयंती महोत्सव अत्यंत श्रद्धा व धूमधाम के साथ प्रारम्भ हो गया है।।महोत्सव का शुभारंभ श्रीराधा कृष्ण, श्रीहनुमानजी महाराज एवं स्वामी श्रीपाद बाबा महाराज के चित्रपट के समक्ष दीप प्रज्वलित करके किया गया।इसके साथ ही अखंड श्रीराम चरित मानस पाठ, श्रीमद्भक्तमाल अर्चा व श्रीहरिनाम संकीर्तन आदि के आयोजन भी प्रारंभ हुए। इस अवसर पर श्रीराधा उपासना कुंज के महंत बाबा संत दास महाराज ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीपाद बाबा महाराज परम रससिद्ध संत, अध्यात्म योगी व परम वीतरागी थे।उन्होंने ब्रज संस्कृति, ब्रज भाषा व ब्रज के प्राचीन स्थलों को संरक्षित करने के लिए जो महत्वपूर्ण कार्य किए, उनके लिए समस्त सनातन धर्मावलंबी पूज्य बाबा महाराज को सदैव याद करते रहेंगे। ब्रज अकादमी की सचिव साध्वी डॉ. राकेश हरिप्रिया ने कहा कि ब्रज अकादमी की स्थापना श्रीपाद बाबा महाराज ने प्रत्येक व्यक्ति के आध्यात्मिक उन्नयन एवं नैतिकतावादी मूल्यों पर आधारित शिक्षा पद्धति के पुनरोत्थान के लिए की थी।जो अपने उद्देश्यों पर आज भी अटल है।

₹यूपी रत्न₹ डॉ. गोपाल चतुर्वेदी ने कहा कि ब्रह्मलीन श्रीपाद बाबा महाराज ने प्रख्यात वाणी कारों की वाणियों की पांडुलिपियां व अन्य हस्तलिखित ग्रंथों को ब्रज अकादमी के द्वारा संग्रहित व प्रकाशित कर ब्रज संस्कृति व श्रीधाम के प्राचीन स्वरूप का पुनरोद्धार करने का अभूतपूर्व कार्य किया। महोत्सव में सन्त प्रवर स्वामी महेशानंद सरस्वती महाराज, विरक्त वैष्णव परिषद के अध्यक्ष श्रीमहंत सनत कुमार दास महाराज, महंत सुन्दर दास महाराज, सन्त सेवानंद ब्रह्मचारी, महंत संतोषानंद महाराज, महंत अशोक महाराज, युवा साहित्यकार डॉ. राधाकांत शर्मा, अश्वनी माथुर (दुबई), पिंकी माथुर, प्रिया माथुर, उमेश गंभीर (अलीगढ़), श्रीमती सुनीता गंभीर, अंकित कश्यप (दिल्ली), भगवान सिंह, सन्त दीनबन्धु दास, धनीराम (आगरा), धर्मवीर, रामायणी जी (आगरा), ब्रज अकादमी के निदेशक डॉ. बी.बी. माहेश्वरी, मदन पाल, श्रीराम गौतम, ईशान तिवारी, इंद्रनील वैष्णव, आयुष शर्मा, उत्तम त्रिपाठी आदि के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के तमाम गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## वेल्डिंग वर्क्स का शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर किया उद्घाटन

**बिजनौर नगीना।** नेशनल वेल्डिंग वर्क्स का चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस दौरान उन्होंने लोगों की समस्याएं भी सुनी। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगीना रायपुर मार्ग धर्म कांटे के पास स्थित नेशनल वेल्डिंग वर्क्स का उद्घाटन शुक्रवार की शाम करीब 6 बजे चेयरपर्सन के युवा पुत्र व चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस मौके पर शिवालय हेल्थ केयर के एमडी डॉक्टर राजकुमार,

मोहम्मद असलम, मोहम्मद अजीम, मोहम्मद आदिल, जहीर अंसारी , ठेकेदार अंजार सैफी, अफजल कुरेशी, शेख जमशेद, शद्दन ठेकेदार, निसार खान, आदि लोग प्रमुख रूप से मौजूद रहे।

# पैसे की जरूरत ने बनाया फर्जी जज लोन करने पहुंची बैंक

**वेलकम इंडिया महमूद रजा**



**बिजनौर।** उस वक्त हड़कंप मच गया जब एक महिला फर्जी जज बिजनौर के एचडीएफसी बैंक में किसी का लोन कराने के लिए बैंक पहुंची बैंक में पहुंचने पर उन्होंने अपना फर्जी न्यायाधीश का कार्ड दिखाया और सारे डॉक्यूमेंट इकट्ठा करने के बाद आज लोन का पैसा उस खाते में जाना था जिसके लिए लोन हुआ था लेकिन बैंक वालों ने संदिग्ध मानते हुए थाना कोतवाली शहर को सूचना दी जिस सूचना पर कोतवाली शहर की पुलिस वहां पहुंचकर महिला को गाड़ी समेत थाने ले आई थाने में लाकर जब उससे कड़ाई से पूछताछ हुई तो उसने स्वीकार किया कि मैंने एलएलबी की पढ़ाई देहरादून से कर रखी है और पैसे के लालच में बैंकों से लोन कराती हूं इस महिला जज ने स्वीकार किया कि मैं 15 लाख रुपए का लोन इस बैंक से कराया था जबकि बैंक कर्मी बता रहे हैं कि इसने 25 लाख का लोन स्वीकृत कराया था इस महिला ने पूछताछ में बताया कि इसका नाम आयशा परवीन पुत्री सुलेमान रिटायर टीचर निवासी गधेड़ा कल जनपद मुजफ्फरनगर की रहने वाली है जो हाल में रामपुर में रह रही है इसके साथ बिजनौर में प्रैक्टिस कर रहे एक वकील अनस को भी इसके साथ कार में घूमते थे जो मंडावर के किशनवाजपुर का रहने वाले हैं आयशा परवीन के ड्राइवर ने अपना नाम नीरज बताया जो रामपुर जनपद का रहने वाला हैं और इको गाड़ी चलाने के लिए किराए पर बुलाया जाता था बिजनौर थाना कोतवाली शहर पुलिस पूछताछ करने के बाद आयशा परवीन को फर्जी मानते हुए संबंधित धाराओं में अभियोग पंजित करने जा रही है

# सम्पूर्ण समाधान दिवस में 161 शिकायतें दर्ज, मौके पर 9 का हुआ समाधान

वेलकम इंडिया




**गाजियाबाद**। शासन की मंशा के अनुरूप जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के उद्देश्य से माह के प्रथम और तृतीय शनिवार को आयोजित किए जाने वाले सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन आज जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों लोनी, सदर और मोदीनगर में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ के निदेर्शानुसार सम्पन्न हुआ।

तीनों तहसीलों में अधिकारियों की उपस्थिति में जन शिकायतों को सुना गया और मौके पर यथासंभव निस्तारण किया गया। लोनी तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता ज्वाइंट मजिस्ट्रेट/उपजिलाधिकारी दीपक सिंघनवाल ने की।इस दौरान कुल 77 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 03 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। शिकायतों में मुख्य रूप से राजस्व, पुलिस, नगर पालिका और बिजली विभाग से जुड़ी समस्याएँ प्रमुख रहीं। इस अवसर पर तहसीलदार, पुलिस अधिकारी, नगर पालिका के अधिकारी एवं अन्य विभागों के कर्मचारी उपस्थित रहे। सदर तहसील में सम्पूर्ण समाधान दिवस की अध्यक्षता एडीएम सिटी विकास कश्यप ने की। यहाँ पर कुल 25 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 4 का निस्तारण मौके पर ही किया गया। अधिकांश शिकायतें भूमि विवाद, नगर निगम की सेवाओं और सामाजिक कल्याण योजनाओं से संबंधित रहीं। अधिकारियों ने निर्देश दिए कि शेष शिकायतों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। मोदीनगर तहसील में एसडीएम श्री अजीत सिंह की अध्यक्षता में सम्पूर्ण समाधान दिवस आयोजित किया गया। यहाँ कुल 59 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 02 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। इस दौरान तहसीलदार, पुलिस अधिकारी और विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। तीनों तहसीलों में मिलाकर कुल 161 शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनमें से 09 शिकायतों का निस्तारण मौके पर ही किया गया। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्राप्त सभी शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण किया जाए और जनता को राहत प्रदान करने में कोई शिथिलता न बरती जाए। सम्पूर्ण समाधान दिवस के आयोजन से जनता और प्रशासन के बीच संवाद का सेतु मजबूत हुआ है। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत को गंभीरता से लेते हुए पारदर्शी और त्वरित कार्यवाही की जाएगी, ताकि जनता को न्याय और सुविधाएं बिना विलंब के मिल सकें।

# बालिका विद्यालय में दिवाली फेस्टा का भव्य आयोजन

**गाजियाबाद**। श्री ठाकुर बालिका विद्यालय में शनिवार को दिवाली फेस्टा का आयोजन बड़े हर्षोल्लास और उत्साह के साथ किया गया। विद्यालय प्रांगण को रंग-बिरंगी सजावट, दीपों की जगमगाहट और फूलों से अलंकृत किया गया, जिससे वातावरण पूरी तरह दिवाली की खुशियों और उल्लास से भर गया। इस भव्य आयोजन में छात्राओं ने सोलो डांस, ग्रुप डांस, रंगोली प्रतियोगिता, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट प्रदर्शनी और गरबा जैसे आकर्षक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सभी गतिविधियों में छात्राओं ने न केवल अपनी कलात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया, बल्कि पर्यावरण संरक्षण, सामाजिक एकता और भाईचारे के संदेश को भी रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। रंगोली में पारंपरिक रूपों और दिवाली के प्रतीकों के माध्यम से उज्ज्वल संदेश दिए गए। कार्यक्रम में सुनीता दयाल (मेयर), कनिका कौशिक (जीडीए ओ.एस.डी.) और श्रीमान दीपक सिंघल (आई.ए.एस., रिटायर्ड चीफ सेक्रेटरी, यूपी सरकार) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने छात्राओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और इस पावन पर्व के सांस्कृतिक, सामाजिक और पर्यावरणीय महत्व पर प्रकाश डाला।

# 16 बीघा में काटी जा रही अनाधिकृत कॉलोनी पर चला प्राधिकरण का बुलडोजर

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण (जीडीए) ने शनिवार को एक और बड़ी कार्रवाई करते हुए सिहानी सद्दीकनगर क्षेत्र में लगभग 16 बीघा भूमि पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जीडीए उपाध्यक्ष श्री अतुल वत्स के दिशा-निर्देश पर की गई, जिनके आदेशानुसार अनाधिकृत कॉलोनियों एवं स्वीकृत नक्शों के विपरीत हो रहे निमार्णों पर सख्त कार्यवाही जारी है। प्रवर्तन जोन-1 के प्रभारी के नेतृत्व में की गई इस कार्रवाई में करीब 2000 वर्गगज क्षेत्र में बने एक फार्महाउस को पूरी तरह ध्वस्त कर दिया गया। इसके अलावा खेती की भूमि पर अवैध रूप से बनाई गई इंटरलॉकिंग टाइल्स की सड़कें, कमरे और अन्य निमार्णों को भी पूरी तरह से गिरा दिया गया। प्राधिकरण की टीम जब मौके पर पहुँची तो कुछ स्थानीय लोगों ने विरोध का प्रयास किया, लेकिन पुलिस बल ने तत्परता दिखाते हुए स्थिति को नियंत्रण में कर लिया। इसके बाद बिना किसी बाधा के कार्रवाई जारी रखी गई। प्राधिकरण अधिकारियों ने मौके पर मौजूद लोगों को कड़ी चेतावनी दी कि यदि भविष्य में दोबारा अवैध प्लाटिंग या निर्माण का प्रयास किया गया, तो सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि जीडीए की टीम आने वाले समय में भी अवैध निमार्णों और अनाधिकृत कॉलोनियों के खिलाफ अभियान जारी रखेगी। उपाध्यक्ष अतुल वत्स ने पहले ही स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं कि शहर में किसी भी प्रकार का अनधिकृत विकास या बिना स्वीकृत नक्शे के निर्माण को बिलकुल बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जीडीए की प्रवर्तन टीमें लगातार क्षेत्रों का निरीक्षण कर रही हैं और जहाँ भी अवैध गतिविधियाँ पाई जा रही हैं, वहाँ तत्काल कार्यवाही की जा रही है। कार्रवाई के दौरान प्रवर्तन अनुभाग का पूरा स्टाफ तथा प्राधिकरण का पुलिस दस्ता मौके पर मौजूद रहा।

सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया था ताकि किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटा जा सके। गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की इस सख्त कार्रवाई से एक बार फिर साफ संदेश गया है कि अवैध कॉलोनी विकसित करने वालों और नियमों की अनदेखी करने वाले निर्माणकताओं पर अब किसी भी प्रकार की नरमी नहीं बरती जाएगी।

# दीपों का महापर्व दीपावली धूमधाम से मनाया गया




वेलकम इंडिया

**गाजियाबाद**। प्रताप विहार स्थित गौतम पब्लिक सीनियर सैंकेडरी स्कूल, पी0 ब्लॉक के प्रांगण में शनिवार को प्रकाश और समृद्धि के महापर्व दीपावली को अत्यंत हर्षोल्लास और सांस्कृतिक उत्साह के साथ मनाया गया। पूरे विद्यालय परिसर को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और दीयों से सजाया गया, जिससे वातावरण उल्लास और सकारात्मक ऊर्जा से सराबोर हो उठा। इस अवसर पर विद्यालय के विद्यार्थियों ने विभिन्न रचनात्मक गतिविधियों के माध्यम से अपनी प्रतिभा का अद्भुत प्रदर्शन किया। बच्चों ने दीया सजावट, कैंडल निर्माण, दीवार सजावट, लोटस मेकिंग, लक्ष्मी चरण निर्माण, शुभ-लाभ निर्माण, गेंदे के फूलों से हैंगिंग सजावट और रंगोली प्रतियोगिता में भाग लेकर अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। चारों हाउस प्रगति, प्रेरणा, समृद्धि और शक्ति की छात्राओं ने मनमोहक रंगोलियाँ बनाईं, जिनमें पारंपरिक आकृतियों के साथ दिवाली की पौराणिक भावनाओं को भी सुंदरता से उकेरा गया। रंगों और दीयों की जगमगाहट से सारा विद्यालय परिसर एक जीवंत आभा से चमक उठा।

# धनवंतरी जयंती पर स्वास्थ्य और सेवा का संदेश

वेलकम इंडिया



**गाजियाबाद**। राजनगर स्थित दुर्गा टावर, आरडीसी में प्राइवेट चिकित्सक वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में भगवान धनवंतरी जयंती के शुभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्थापक अध्यक्ष ब्रह्मऋषि विभूति बी.के. शर्मा हनुमान ने की। इस दौरान भगवान धनवंतरी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर वैदिक मंत्रों के साथ दीप प्रज्वलित किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल धनवंतरी जयंती का धार्मिक और सांस्कृतिक महत्व उजागर करना था, बल्कि समाज में चिकित्सा सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करना भी रहा। इस अवसर पर उत्कृष्ट सेवा कार्यों के लिए पांच चिकित्सकों को सम्मानित किया गया, जिनका समाज सेवा और रोगियों के प्रति समर्पण अनुकरणीय बताया गया। संस्थापक अध्यक्ष बी.के. शर्मा हनुमान ने अपने उद्बोधन में कहा कि धार्मिक और आध्यात्मिक दृष्टिकोण से धनतेरस एवं धनवंतरी जयंती का विशेष महत्व है। इस दिन आरोग्य के देवता भगवान धनवंतरी की पूजा कर मानवता के स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना की जाती है। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही सच्चा धन है, क्योंकि स्वस्थ शरीर के बिना न तो धन का उपयोग संभव है, न ही सुख का अनुभव। उन्होंने शास्त्रों का उल्लेख करते हुए बताया कि धनतेरस के दिन आरोग्य नियमों के पालन और देवी-देवताओं की आराधना से घर में संपत्ति, समृद्धि और स्वास्थ्य सुख सदा बना रहता है। उन्होंने कहा कि भगवान धनवंतरी ने मनुष्य को आयुर्वेद का अमूल्य ज्ञान प्रदान किया।

# पुलिस ने चोरी और लूट के 219 मोबाइल फोन बरामद कर दिखाई दक्षता

**गाजियाबाद**। ग्रामीण जोन की पुलिस सर्विलांस टीम ने चोरी, लूट, स्नैचिंग और गुमशुदा 219 मोबाइल फोन बरामद कर बड़ी सफलता हासिल की है। इन मोबाइलों की कुल अनुमानित कीमत लगभग 90 लाख रुपये बताई जा रही है। पुलिस की इस कार्रवाई से उन लोगों के चेहरे पर मुस्कान लौट आई है, जिनके मोबाइल लंबे समय से चोरी या गुम थे। डीसीपी ग्रामीण सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि पुलिस टीम ने तकनीकी सर्विलांस और लोकेशन ट्रैकिंग के माध्यम से इन मोबाइल फोनों को विभिन्न जनपदों और राज्यों से रिकवर किया।

# मोदीनगर में पुलिस और लुटेरों के बीच मुठभेड़ में दो बदमाश गिरफ्तार

**गाजियाबाद**। बीती रात मोदीनगर थाना पुलिस और दिल्ली-एनसीआर में सक्रिय लूटपाट गिरोह के बीच बुदाना रोड पर हुई मुठभेड़ में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। मुठभेड़ के दौरान एसएचओ मोदीनगर नरेश शर्मा की टीम ने दो शातिर लुटेरों को धर-दबोचा, जिनमें से एक के पैर में गोली लगी है। घायल बदमाश को उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया है।








# डॉ. के. एन. मोदी फाउंडेशन में अभिनंदन समारोह 2025 का भव्य आयोजन

वेलकम डिया




**मोदीनगर,(अनिल वशिष्ठ)**। डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय परिसर के डायमंड हॉल में अभिनंदन समारोह 2025 का आयोजन अत्यंत हर्षोल्लास एवं गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रोफेसर. डी. के. मोदी जो कि के. एन. मोदी फाउंडेशन के अध्यक्ष एवं डॉ. के. एन. मोदी विश्वविद्यालय (एन.सी.आर.) के कुलाधिपति के द्वारा द्वीप प्रज्वलित करके किया गया। कैप्टन राजीव सक्सेना द्वारा दिए गए भाषण द्वारा उपस्थित सभी लोग भाव विभोर हो गए। समारोह में अनेक गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने कार्यक्रम की शोभा को और बढ़ाया। इस अवसर पर प्रोफेसर डॉ. डी. के. मोदी द्वारा वर्तमान एवं पूर्व प्राचार्यों को मोमेंटो भेंट कर सम्मानित किया गया। साथ ही शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को भी उनके समर्पण और निष्ठा के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डॉ. के. एन. मोदी ग्लोबल स्कूल के विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया और वातावरण को उत्सवमय बना दिया। कार्यक्रम के अंत में प्रोफेसर डॉ. डी. के. मोदी ने उपस्थित सभी जनों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। समारोह के उपरांत सभी अतिथियों एवं कर्मचारियों के लिए भोज की विशेष व्यवस्था की गई।


समस्त क्षेत्रवासियों को
दीपावली
गोवर्धन, भाईदूज
गंगा स्नान
की हार्दिक शुभकामनाएं
dolphin Adv. 9634201850
डॉ. देवेन्द्र शिवाच
वरिष्ठ भाजपा नेता
डॉ. मंजू शिवाच
विधायक मोदीनगर
निवेदक : भारतीय जनता पार्टी मोदीनगर विधानसभा 57
dolphin Adv. 9634201850


DR. KEDAR NATH MODI FOUNDATION
Value•Knowledge•Character
DR. K.N. MODI FOUNDATION
MODINAGAR, GHAZIABAD (U.P.).
83 YEARS OF EXCELLENCE IN EDUCATION
DKNMU
VALUE • KNOWLEDGE • CHARACTER
DR. K.N. MODI UNIVERSITY ( NCR )
ADMISSIONS OPEN 2025-2026
TOLL FREE :- 1800-212-1112
दीपावली की
हार्दिक शुभकामनाएं!
67 Courses
10,000+ Placements
26 Campuses
1,000+ Girls in Hostel
250 Acres Land
38,500+ Students
800+ Faculty
11,000+ Girl Students
Available Streams
Courses Offered
B.TECH., MBA,
BBA, BCA,
D.Pharm, B.Pharm, M.Pharm,
B.Sc. (BIO-TECH),
B.Ed./M.Ed. (Only for Girls)
OTT | MLT | ECG & X-Ray
Modinagar - +91-8859-500-790 / 91 / 92 / 93.
E-mail: admissions@knmodifoundation.com

UMESH MODI
GROUP
MODINAGAR



उमेश मोदी ग्रुप की ओर से

समस्त नगरवासियों, व्यापारियों, कर्मचारीगणों

एवं

समस्त किसान भाइयों को

दीपावली की

हार्दिक शुभकामनाऐं

उमेश कुमार मोदी चेयरमैन एवं मैनेजिंग डायरेक्टर

मोदी इण्डस्ट्रीज लि0, मोदीनगर